तापमान
अधिकतम 41.8 डिग्री
न्यूनतम 29.4 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 22 जून 2026

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

शनिचरी बाजार स्थित बीच सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा।

खबर संक्षेप

कोटा को मिला नगर पालिका का दर्जा

बिलासपुर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव की घोषणा के बाद बिलासपुर जिले के कोटा नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा प्रदान किया गया है। इसका राजपत्र में प्रकाशन हो गया है। नगर पालिका बनने से कोटा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और सुव्यवस्थित शहरी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि राज्य सरकार जनता से किए गए वादों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि, 14 अगस्त 2025 को जनभावना के अनुरूप नगर पालिका बनाने घोषणा की थी। और अब कोटा को नगर पालिका का दर्जा देकर वादा पूरा किया है। कोटा को हमने नगर पालिका बनाया है, इसे हम ही संवारेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नगर पालिका बनने से नगर के विकास कार्यों में तेजी आएगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 5(1)(क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन ने नगर पालिका कोटा का गठन किया है। अधिसूचना के अनुसार, पूर्ववर्ती नगर पंचायत कोटा का क्षेत्र ही नगर पालिका कोटा की सीमा होगा।

बिलासपुर। जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास पेड़ पर लगी आग। इस दौरान वहां हड़कंप मच गया।

शहर में जगह-जगह डंप हो रही अवैध रेत

बिलासपुर। बारिश के चार महीनों में मनमानी कीमतों पर बिक्री कर पैसे कमाने की गरज से रेत माफिया जमकर रेत की जमाखोरी कर रहे हैं। हालत यह है कि इस चक्कर में पूरा का पूरा शहर ही डंपिंग यार्ड बन गया है। रेत माफियाओं द्वारा राजकिशोर नगर, अशोक नगर शराब भट्ठी के बाजू में, कपिल नगर मुक्तिधाम रोड, व्यापार विहार सरजू बगीचा रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में खाली जगहों पर रेत की डंपिंग की गई है। रेत माफियाओं को इस बात की जानकारी है कि प्रशासन व खनिज विभाग जब्ती की कार्रवाई कर सकता है, जिससे वे अवैध रेत को अधिक दिनों तक डंप करके नहीं रखते। दो से तीन दिनों के भीतर रेत का उठाव भी कर लिया जाता है।

मंदिर चौक से इंदु चौक तक तोड़ा गया डिवाइडर

बिलासपुर। मंदिर चौक जरहाभाठा से इंदु उद्यान चौक की ओर जाने वाली सड़क पर एक बार फिर पुराने डिवाईडरों में तोड़फोड़ कर नए डिवाईडर निर्माण का काम चल रहा है। बारिश के आगमन को अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में शहर के भीतर लगातार निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। मंदिर चौक से इंदु चौक होते हुए रोड डिवाईडर की तोड़फोड़ व नए डिवाईडर बनाने का काम आगे मगरपारा चौक होते हुए अग्रसेन चौक व आगे पुराने बस स्टैण्ड तक किया जा रहा है।

19 केन्द्रों में हुई परीक्षा, 7759 उम्मीदवारों में से 7044 उपस्थित, 715 स्टूडेंट ने नहीं दी परीक्षा

सेंटरों के बाहर हंगामा, हटाए गए टेंट, चप्पलें-बाली उतरवाई गई, तीन लेयर जांच के बाद मिली एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में नीट की परीक्षा हंगामे और गहमागहमी के बीच हुई।19 केन्द्रों में हुई परीक्षा में कुल 7759 उम्मीदवारों में से 7044 उपस्थित रहे तो 715 स्टूडेंट ने परीक्षा नहीं दी। एनटीए की गाइडलाइन के अनुसार कड़ी जांच के बाद स्टूडेंट्स को एंट्री दी गई। कई सेंटरों में यह शिकायत रही की छात्रों को पहले दो स्तर की सुरक्षा जांच के बाद प्रवेश दे दिया गया, लेकिन बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान गड़बड़ी मिलने पर वापस भेज दिया गया। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के सेंटर में कुछ छात्राओं की चप्पलें बदलवाई गई। देवकीनंदन स्कूलस सेंटर में एक छात्र 6 मिनट लेट से पहुंचा तो उसे प्रवेश नहीं दिया गया। कई जगहों पर ऐसी स्थिति दिखी कि अंतिम 10 मिनट में स्टूडेंट्स दौड़ते-भागते सेंटर पहुंचे।इसके अलावा देवकीनंदन के साथ ही लाल बहादुर शास्त्री स्कूल, जेपी वर्मा कालेज के सामने कुछ कोचिंग सेंटर वाले टेंट लगाकर बैठ गए थे। पुलिस ने इन्हें हटाया। दोपहर 1:30 बजते ही परीक्षा केन्द्रों के गेट पर ताला लगा दिया गया।

नीट की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक हुई। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ही केंद्रों में प्रवेश दिया गया। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं थी। सभी केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन, पहचान जांच और सुरक्षा जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। स्टूडेंट्स को गाइड करने के लिए अनाउंसमेंट किया गया ताकि अभ्यर्थी किसी भी तरह की जल्दबाजी या परेशानी से बचने के लिए समय रहते परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर लें।

रविवार को आयोजित री-नीट की परीक्षा के दौरान जीडीसी कालेज के सामने सड़क पर लगी भीड़ और ट्रैफिक जाम होता रहा।

परीक्षार्थियों के लिए टेन्ट तक नहीं

मानसून और संभावित बारिश के साथ ही भीषण गर्मी और धूप को देखते हुए जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के बाहर और परिसर में वाटरप्रूफ शेड बनाने का दावा किया था लेकिन, कई सेंटर्स में परीक्षार्थियों के लिए टेन्ट तक नहीं लगाया गया, जिसके चलते स्टूडेंट्स पेड़ के नीचे छांव में बैठे रहे या फिर धूप में इधर-उधर भटकते नजर आए। कुछ सेंटर्स पर पेरेंट्स के लिए कोई सुविधा नहीं की गई थी और वे धूप में इंतजार करते नजर आए।

कहीं घड़ी लेकर खड़े तो कहीं समय का अनाउसमेंट

नीट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक हुई। प्रवेश का समय 1.30 तक ही था। जिले के अधिकांश सेंटरों में मौजूद अभ्यर्थियों को लगातार अनाउंसमेंट के माध्यम से समय पर अंदर प्रवेश करने की अपील की जा रही थी। अनाउंसमेंट में बताया जा रहा है कि सुरक्षा जांच और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में लगभग आधा घंटा लग सकता है, इसलिए अभ्यर्थी किसी भी तरह की जल्दबाजी या परेशानी से बचने के लिए समय रहते परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर लें।कई सेंटरों में केन्द्राध्यक्ष खुद दीवाल घड़ी दिखाकर समय की चेतावनी दे रहे थे।

नीट परीक्षा : परीक्षार्थियों को सफर कराने तरसी स्पेशल ट्रेनें

नीट की परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए रेल प्रशासन की सारी व्यवस्थाएं धरी की धरी रह गई। परीक्षार्थियों के लिए चलाए गए स्पेशल ट्रेनों के कोच खाली-खाली रहे, जिसमें एक भी यात्री सवार नहीं हो सके। वहीं स्टेशन के साथ ट्रेनें और जनरल, आरक्षण कार्यालय के काउंटर भी सुनसान पड़े रहे।

रविवार को देश के साथ प्रदेश और बिलासपुर जिले में भी नीट की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें हजारों की संख्या में परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नीट की परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए रेल मंत्रालय ने सभी जोन के साथ एसईसीआर बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर सहित अन्य स्टेशनों के परीक्षा सेंटर में आने-

स्टेशन, ट्रेनों के साथ काउंटर भी रहे सूने

जाने के लिए कामर्शियल स्टाफ, आरपीएफ स्टाफ के साथ अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने का आदेश दिया था। इसके अलावा परीक्षार्थियों के लिए स्पेशल ट्रेनों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों से परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए लोकल और मेमू पैसेंजर में कोच की संख्या भी बढ़ाई गई। 20 जून शनिवार और 21 जून रविवार 06801 कोरबा से दुर्ग के लिए पैसेंजर, 06803 कोरबा-दुर्ग मेमू पैसेंजर और 08823 छिंदवाड़ा-इतवारी मेमू पैसेंजर अप-डाउन स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया गया।

इसके साथ ही 18250 कोरबा से रायपुर हसदेव एक्सप्रेस को दुर्ग तक और रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस का विस्तार कर दुर्ग से चलाया गया, ताकि ट्रेनों में उम्मीदवारों को आरामदायक सफर मिल सके। वहीं रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 7 जनरल कोच, 18247 बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस में 2 जनरल, 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस में दो जनरल कोच, 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस में दो जनरल कोच लगाए गए थे। रेलवे ने यह सारी व्यवस्थाएं उम्मीदवारों के लिए की थी। प्लेटफार्म पर कामर्शियल स्टाफ भी टेबल कुर्सियां लेकर ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन रविवार की सुबह से न तो स्टेशन में भीड़ रही और न ही ट्रेनों के अतिरिक्त कोच में किसी भी उम्मीदवार ने सफर किया।

अंतिम 10 मिनट में स्टूडेंट्स दौड़ते-भागते सेंटर पहुंचे 6 मिनट लेट पहुंचे छात्र को नहीं मिला प्रवेश का मौका

सत्यापन की प्रक्रिया में आधा घंटा से अधिक लगा

सुरक्षा जांच और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में लगभग आधा घंटा लग रहा था। यहां तक कपड़ों से लेकर स्टूडेंट्स के चश्मों की भी बारीकी से जांच की गई। भीषण गर्मी के बीच आयोजित हो रही परीक्षा को लेकर अभिभावकों ने चिंता जताई। उनका कहना था कि तेज धूप और गर्म मौसम का असर छात्रों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। जबकि लंबी जांच प्रक्रिया और परीक्षा के तनाव के बीच उन्हें अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

आभूषण और प्रतिबंधित वस्तुएं उतरवाईं गईं

नोडल अधिकारी एनबी गबेल ने बताया कि नीट यूजी परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। अभ्यर्थियों की सघन जांच, दस्तावेज सत्यापन और ड्रेस कोड का पालन सुनिश्चित कराया गया। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों के ड्रेस कोड की जांच की गई और सभी प्रकार के आभूषण व प्रतिबंधित वस्तुएं बाहर ही उतरवा दी गईं।

गर्मी ने किया बेहाल, देर शाम राहत की बारिश

प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहा बिलासपुर, मानसून सक्रिय होने में लगेगा समय

बिलासपुर। मौसम की मार झेल रहे शहरवासियों के लिए रविवार की देर शाम राहत भरी रही, इस दौरान जहां सुबह से ही तेज और तीखी धूप ने लोगों को झुलसने के लिए मजबूर किया, वहीं शाम 8 बजे के बाद मौसम ने करवट बदली और बारिश शुरू हो गई, करीब घंटे भर हुई बारिश ने गर्मी से मामूली राहत दी और लोगों को सुखद एहसास भी मिला।

जून का आधा महीना जा चुका है, आम तौर पर इस समय तक बारिश की दस्तक हो जाती है और प्री मानसून की फुहारों से लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलती है, लेकिन इस बाद मौसम में बदलाव होने के कारण गर्मी अपने

सितम देर तक ढा रही है। सुबह 9 बजे से आसमान से आ रही तेज किरणें लू से सामना कराती है, लोगों को बाहर निकलने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रविवार को भी जबरदस्त धूप रही और जिले का अधिकतम तापमान प्रदेश में सबसे अधिक दर्ज किया गया, इस दौरान 41.2 डिग्री तापमान रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पंजाब से हरियाणा और उत्तर प्रदेश से होते हुए मौसमी द्रोणिका बनी हुई है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ से तेलंगाना के बची द्रोणिका सक्रिय हो रही है, जिससे आने वाले 4 से 5 दिन में बारिश हो सकती है। इस दौरान 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चलने की प्रबल संभावना है।

सिम्स में आयुष्मान कार्ड बनाना बंद, लोगों को लगाने पड़ रहे च्वाइस सेंटर के चक्कर

बिलासपुर। जिले में ढाई लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बन सके है, रोजाना सिम्स में आयुष्मान कार्ड बनाने मरीज और परिजन पहुंचते हैं लेकिन काउंटर से उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। आयुष्मान आपरेटरों को हटाने के बाद सिम्स में नया आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया जा रहा है।

सिम्स में आयुष्मान कार्ड बनना बंद है, रोजाना दर्जनों मरीज और परिजन कार्ड बनाने पहुंच रहे हैं लेकिन काउंटर में उपस्थित आपरेटरों द्वारा उन्हें च्वाइस सेंटर जाने की सलाह दी जा रही है। दरअसल काउंटर में आपरेटर होने के बाद भी आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया जा रहा है, कभी सर्वर इश्यू तो कभी फटकार के मरीजों को

■ आयुष्मान आपरेटर को हटाने के बाद बढ़ी समस्या

आयुष्मान कार्ड के लिए तरसाया जा रहा है, जिसके चलते कई बार मरीज अपना इलाज तक नहीं करा पा रहा है। बताया जा रहा है कि सिम्स प्रबंधन ने सालों से काम कर रहे आयुष्मान आपरेटरों को बाहर कर दिया है, जिसके बाद से आयुष्मान कार्ड नहीं बन रहा है हालांकि सिफारिश और गंभीर मरीजों का कार्ड बनाया जाता है लेकिन सामान्य मरीज का कार्ड बनाने के लिए च्वाइस सेंटर भेज दिया जाता है। यहीं कारण है कि सिम्स में आसपास धड़ल्ले से च्वाईस सेंटर खुलने लगे है।

प्रिंट की भी सुविधा नहीं

कई बार मरीजों का आयुष्मान कार्ड अन्य माध्यमों से बनाया जाता है। इस दौरान इलाज के दौरान सिम्स पहुंचने पर मरीज को कार्ड की जानकारी नहीं होती है, मरीज द्वारा आधार कार्ड और राशन कार्ड देने के बाद भी आपरेटर द्वारा कार्ड नहीं दिया जाता है। बताया जाता है कि प्रिंट की सुविधा अस्पताल में नहीं है, जबकि 6 माह पहले तक हर व्यक्ति और मरीजों का आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रिंट दिया जाता रहा है।

रिवर व्यू कॉलोनी का मामला, लोगों ने की थी शिकायत

कोनी में अवैध निर्माण, निगम ने रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने जोन क्रमांक-8 के कोनी स्थित रिवर व्यू कॉलोनी में अवैध निर्माण की शिकायत मिलने के बाद काम रुकवा दिया है। साथ ही जारी नक्शा तत्काल निरस्त करने का आदेश अधिकारियों को दिया।

पूरा मामला कोनी की रिवर व्यू कॉलोनी का है। यहां एक गली में नियमों के खिलाफ अवैध मकान निर्माण की शिकायत महापौर श्रीमती पूजा विधानी तक पहुंची थी। गंभीरता देखते हुए महापौर ने खुद हकीकत जानने मौके पर पहुंचीं और निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जोन इंजीनियर को तुरंत काम रुकवाने के निर्देश दिए। संबंधित भवन का स्वीकृत नक्शा निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू करने को

नक्शा होगा निरस्त, महापौर ने किया निरीक्षण

कहा। महापौर ने भवन निर्माता को मकान से जुड़े सभी दस्तावेजों के साथ विकास भवन स्थित नगर निगम कार्यालय में भवन शाखा के इंजीनियर के सामने पेश होने को कहा है। दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

आवागमन और अन्य व्यवस्थाएं बिगड़ रहीं

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य श्याम साहू, जोन अध्यक्ष राजेश दुसेजा, पार्षद प्रतिनिधि अमित मिश्रा समेत निगम अधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी भी पहुंचे और समस्याएं रखीं। रहवासियों का आरोप था कि गलत निर्माण से कॉलोनी में आवागमन और अन्य व्यवस्थाएं बिगड़ रही थीं। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि विकास की आड़ में अनियमितता या अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं होगा। नक्शे के खिलाफ या बिना अनुमति निर्माण पर निगम की नजर है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। लोगों ने कहा महापौर को शहर के वार्डों में नियमित आना- जाना चाहिए ताकि वह खुद भी समस्याएं देख सकें और लोग अपनी समस्या उन्हें बता सकें।

खबर संक्षेप

जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण में पहुंचे राहुल गांधी ने किया पौधरोपण

बिलासपुर। रायपुर में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी सहित प्रदेश के अनेक वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विनयकांत के आगमन पर भव्य स्वागत, कल से बहेगी ज्ञान की गंगा

बिलासपुर। आध्यात्मिक चिंतक एवं प्रेरक वक्ता विनयकांत त्रिपाठी के आगमन पर श्रद्धालुओं ने उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। उनके स्वागत के लिए ओमप्रकाश अग्रवाल, नानकराम अग्रवाल, ललित अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कमल अग्रवाल, निलेश अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, हनी अग्रवाल, रुद्रांश गर्ग , कृष्ण गर्ग सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह ने पुष्पमालाओं एवं अभिनंदन के साथ अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री त्रिपाठी के सान्निध्य में होने वाले प्रवचन एवं ज्ञान सत्र समाज में सकारात्मक चिंतन, नैतिक मूल्यों तथा आध्यात्मिक जागरण का संदेश प्रसारित करेंगे। कल से बिल्हा में ज्ञान की गंगा प्रवाहित होगी, जहां श्री त्रिपाठी के ओजस्वी विचारों एवं जीवनोपयोगी मार्गदर्शन का लाभ श्रद्धालुओं को मिलेगा। मनोज अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल ने अधिक से अधिक लोगों से उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक एवं ज्ञानवर्धक अवसर का लाभ लेने की अपील की।

गंधर्व समाज ने समाज के विकास का लिया निर्णय

बिलासपुर। गन्धर्व समाज जिला संगठन द्वारा गन्धर्व सामुदायिक भवन मे 21 जून को बैठक आयोजित की गई। इसमें समाज के विकास और नारी शिक्षा पर जोर दिया गया। इसके अलावा योग के महत्व को बताया गया। बैठक में हेमलता चौहान, हरिशंकर चौहान, दिलीप गन्धर्व, देवनारायण चौहान, रामभवन कुलदीप, इन्दु सागर ,अन्नपूर्णा चौहान, दीपा गन्धर्व ,चंद्रकला गन्धर्व, शिव गन्धर्व, कार्तिक गन्धर्व, प्रेमसिंह गन्धर्व, भुवन गन्धर्व, संतोष कुलदीप, विनोद सागर, अनिल सरित अर्जुन गन्धर्व,पंचराम गन्धर्व,जगमोहन चौहान,बालिक गन्धर्व, ऐश्वर्य सागर सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य मौजूद थे। यह जानकारी प्रमोद सागर ने दी।

कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति की पुष्पा अध्यक्ष, विजय उपाध्यक्ष

बिलासपुर। राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, बिलासपुर का निर्वाचन 20 जून को रिटर्निंग अधिकारी मनीष वर्मा, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक द्वारा कराया गया। निर्वाचन परिणामों के अनुसार पुष्पा वर्मा को समिति का अध्यक्ष तथा विजय कुमार चंदेल को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त आर.एल. सिंह को छत्तीसगढ़ आवास संघ, रायपुर का प्रतिनिधि तथा प्रकाश सिंह को जिला सहकारी संघ का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। समिति के अन्य निर्वाचित संचालकों में देवदत्त जोगन्स, समीर शर्मा, कृष्णा मजुमदार, महेश प्रसाद मिश्रा, संजय कौशिक, राजीव जायसवाल एवं फिलोमन तिग्गा शामिल हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुष्पा वर्मा ने समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

आदर्श बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

बिलासपुर। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित मई 2026 की सीए फाइनल परीक्षा में आदर्श सिंह ने सफलता प्राप्त कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का गौरव हासिल किया है। इस अवसर पर आदर्श ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाई हर्ष एवं मित्र अंजली, विशाखा और हितेश के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

रि-नीट परीक्षा | सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए छात्रों को लाना होगा 500 प्लस अंक

फिजिक्स व केमेस्ट्री ने घुमाया, बॉयो ने हर बार की तरह नंबर बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दूसरी बार आयोजित नीट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ली गई। इस 3 घंटे की परीक्षा में बॉयो, केमेस्ट्री व फिजिक्स के प्रश्न पूछे गए, प्रश्नपत्र 720 नंबर का था, जिसमें 360 अंक बायोलॉजी, 180 फिजिक्स और 180 केमेस्ट्री के थे। परीक्षार्थियों ने बताया कि इस बार का पेपर कठिन रहा, फिजिक्स विषय के प्रश्न लंबे थे और इन्हें हल करने में समय लग गया। इसमें पूछे गए केल्कुलेशन के प्रश्नों ने खूब परेशान किया।

इसी तरह केमेस्ट्री में युअल कॉन्सेप्चुअल बेस्ड प्रश्न आने से छात्र इसे भी अधिक सावालों को हल नहीं कर सके, यह भी थोड़ा टफ भी था। वहीं बॉयो के आसान प्रश्नों ने नंबर बढ़ा दिया। बता दें कि 3 मई को हुए नीट परीक्षा की तुलना में इस बार प्रश्न पत्र कठिन रहा,जिससे कटऑफ भी कम जाएगा। मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए छात्रों को कम

रैंक से अच्छे कॉलेजों में प्रवेश मिल सकता है। नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश का सपना कटऑफ पर निर्भर करेगा, पिछले वर्ष जनरल वर्ग में 473, ओबीसी में 472, एससी में 397 और एसटी वर्ग में 298 अंक पर सरकारी कॉलेज मिला था।

डिटेल्स अलग होने से छात्रों को रोका

री-नीट परीक्षा में केन्द्रों में प्रवेश के दौरान तीन स्तरीय जांच के बाद परीक्षा हॉल में प्रवेश मिल रहा था। इसमें कई छात्र ऐसे थे जिनका आधार कार्ड में जन्मतिथि अलग था,उन छात्रों को अंदर में दिए गए फॉर्म का डिटेल मैच किया गया और फोटो मिलान के बाद प्रवेश मिल सका।

सलेक्शन रेशियो बढ़ेगा

आचार्या कोचिंग के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने बताया कि इस बार पेपर जरूर टफ था, जिससे कटऑफ कम जाएगा इससे उन छात्रों को लाभ होगा जिन्होंने पेपर अच्छे से हल किया है। वे कम नंबर लाकर अच्छे मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पास सकते है।

पांच सौ अंक के करीब जाएगा कटऑफ

प्रीमीयर एकेडमी के डायरेक्टर जयेश गुंबर ने बताया कि री-नीट परीक्षा का कटऑफ छत्तीसगढ में 500 अंक के करीब रहेगा हालांकि अभी आंसर की आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा। छत्तीसगढ के सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए जिन छात्रों को 500 प्लस नंबर होगा उन्हें मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए परेशान होना नहीं पड़ेगा।

देशहा यादव समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए तोखन

श्री कृष्ण को भक्त माता कर्मा ने लगाया था भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला देशहा यादव समाज का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला देशाहा यादव समाज के अध्यक्ष धन्नू यादव ने की। विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष, रमेश यादव, डॉ. कालीचरण यादव एवं पार्षद मनोरमा विजय यादव थीं। कार्यक्रम में धनु यादव ने कहा कि समाज की एकता में ही वास्तविक ताकत है। आज हमें सभी भेदभाव भुलाकर संगठित होकर रहना होगा, तभी हम समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकेंगे।

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण और माता भक्त कर्मा में कोई अंतर नहीं है। जगन्नाथपुरी की कथा है कि जब भगवान श्री कृष्ण पधारे, तो माता भक्त कर्मा ने उन्हें खिचड़ी का भोग लगाया था। इसी आध्यात्मिक रिश्ते से यादव समाज और साहू समाज एक सूत्र में बंधे हुए हैं। हम लोग अलग नहीं, एक हैं। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि यादव समाज प्रारम्भ से ही रक्षक की भूमिका में रहा है। यह समाज हमेशा लोगों की रक्षा करता है। गांव की रक्षा-सुरक्षा में भी यादव समाज की अहम भूमिका रही है। जब-जब समाज पर संकट आया है, यादव समाज ने हमेशा उसके विरुद्ध शस्त्र उठाया है। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि यादव समाज को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का सहयोग सदैव मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष को मुख्य अतिथि श्री साहू एवं विधायक श्री शुक्ला और महापौर सुश्री पूजा विधानी ने शपथ ग्रहण कराया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने इमलीपारा यादव भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए महापौर सुश्री पूजा विधानी ने 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में यशवंत यादव, विष्णु यादव, रामचन्द्र यादव, मनीराम यादव, बुधराम यादव, दिनेश यादव, लालजी यादव, संतोष यादव, रामकुमार यादव, रामफल यादव, अजय यादव तखतपुर ,विनोद यादव, सत्यम यादव, अजय यादव भरनी , दीपक यादव, मंजीत यादव, धीरज यादव, आयुष यादव, ललित यादव ,विक्की यादव, धनंजय यादव, नंदकिशोर यादव, अनिल यादव, अभिषेक यादव, अमित यादव, शंकर यादव, प्रकाश यादव, शुभम यादव, भरत यादव, लोरेश यादव, गोलू यादव, अभिलेष यादव, गीता यादव, दीपा यादव, सरिता यादव, अन्नपूर्णा यादव, बीना यादव, माधुरी यादव, प्रियंका यादव, सुनीता यादव, अंकिता यादव, सपना यादव, शशि यादव, अंकिता यादव, मनीषा यादव, दीपा यादव, ललित यादव, विश्वनाथ यादव, विक्की यादव, कल्ला यादव, मनोज यादव, अमर सिंह यादव, उमेश यादव, अभिमन्यु यादव, नंदकुमार यादव, रघु यादव, राजकुमार यादव, बिरज यादव, जीवन यादव, नरेन्द्र यादव , शिव प्रसाद, शिवचरण यादव, भागवत यादव, संतोष यादव, शैलेंद्र यादव, दुर्गा यादव, श्याम यादव, लक्ष्मण, जागेश्वर यादव, रामगोपाल यादव सहित हजारों की संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे।

ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजन और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

बिलासपुर। आज सनाढ्य ब्राह्मण समाज द्वारा देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में समाज के वरिष्ठ नागरिकों का प्रशासनिक सेवा में कार्यरत तथा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, डॉक्टर तनुजा बिरथरे थीं। समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दीक्षित, सचिव सतीश तिवारी कोषाध्यक्ष अभय बरुआ ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी का डॉ तनुजा बिरथरे, दीप्ति गुबरेले, सुनीता मिश्रा ने सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं तथा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर समाज के भवन के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की।

इस दौरान समाज का गौरव सम्मान स्मृति तिवारी संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर, संचित शर्मा एसडीओ फॉरेस्ट बिलासपुर, मयंक तिवारी एडिशनल एसपी कोरबा, डॉक्टर यशवंत दुबे समाजसेवी एवं चिकित्सा क्षेत्र, भूपेंद्र उपाध्याय जोन कमिश्नर नगर निगम बिलासपुर, अनुपम तिवारी कार्यपालन यंत्री नगर निगम बिलासपुर, यश मिश्रा छत्तीसगढ़ कृषि रत्न पुरस्कार, अभय बरुआ ब्राह्मण प्रीमियर लीग क्रिकेट, शोभा त्रिपाठी साहित्यकार, सुधाकर तिवारी शिक्षा के क्षेत्र में राज्यपाल से पुरस्कृत, डॉ आकाश उपाध्याय एमडी मेडिसिन सिम्स बिलासपुर स्वधा उपाध्याय, कुमारी ज्योति उपाध्याय कुमारी दीक्षा व्यास डॉक्टर मलिविका मिश्रा एमबीबीएस सिम्स बिलासपुर श्री राघव दीक्षित आदित्य उपाध्याय ऋषिका दीक्षित मानस उपाध्याय प्रियम पाराशर तथा वरिष्ठ नागरिकों में भरत लाल शर्मा, काशीराम दीक्षित, ओमप्रकाश बिरथरे, मथुरा प्रसाद वैद्य, सनत कुमार पांडे, नरेंद्र सहरिया, बलदाऊ प्रसाद तिवारी, सुरेश बरुआ, केजू राम शर्मा, हेमेंद्र दीक्षित, कृष्ण कुमार दुबे, दिनेश पांडे, लक्ष्मी नारायण दुबे, ऋषि शर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद राजेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में अजय तिवारी, नरेंद्र दुबे, यश मिश्रा, प्रमोद दीक्षित, कुशल पांडे, सुरेश पचौरी, केदारनाथ उपाध्याय, शिवपाल उपाध्याय, सुभाष तिवारी, अजय मिश्रा, संजय मिश्रा, अशोक त्रिपाठी, आनंद बुदोलिया, अरविंद त्रिपाठी, ऋषि उपाध्याय, राकेश मिश्रा, भारत पांडे, राजेश शर्मा, दिवाकर दुबे, साकेत मिश्रा, अर्पण मिश्रा, अर्पित मिश्रा, अंशुल मिश्रा, मनु राज मिश्रा, राम मिश्रा, उषा द्विवेदी, मनोरमा मिश्रा, भावना मिश्रा, पुष्पा दीक्षित, पिंकी दीक्षित, आरती वैद्य, नीरजा दीक्षित, सुनीता शर्मा आदि उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन ऋषि उपाध्याय ने किया।

बच्चों की परवरिश अच्छे संस्कारों के साथ होना चाहिए

बिलासपुर। उसकी देन कमेटी द्वारा मोहर्रम पर आयोजित मजलिस एवं तकरीर कार्यक्रम के चौथे दिन दिल्ली के मुख्य वक्ता प्रो मौलाना मुख्तार अशरफ ने हज़रत अली और अहले बैत की फ़ज़ीलत, उनके किरदार तथा इस्लाम के लिए उनकी कुर्बानियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि हज़रत अली की पूरी ज़िंदगी इंसाफ, इल्म, सब्र और इंसानियत का बेहतरीन नमूना है। अहले बैत की सीरत से समाज को मोहब्बत, भाईचारे और नेक रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिलती है। वहीं महिलाओं की विशेष मजलिस में अलीमा फ़ाज़िला महशर



जहाँ ने बच्चों की बेहतर तरबियत, माता-पिता की जिम्मेदारियों और परिवार में शौहर के मुकाम पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि एक नेक और शिक्षित समाज की बुनियाद घर से शुरू होती है, इसलिए बच्चों की परवरिश इस्लामी अख़लाक और अच्छे संस्कारों के साथ की जानी चाहिए। कार्यक्रम में फरहान बक्स, हसनैन अली, जियाउद्दीन प्यारे, इकराम भईया, अदनान अली, शाहिद लालखादान, शाहिल शेख, अब्दुल कलीम (पत्रकार), मोहम्मद अली, अब्दुल रज्जाक बड़े, इंसान अली बब्बू, आदिल भाई, असद, अब्दुल रशीद, रिजवान शानू, ज़ैद, वसीम बक्स, अबरार भाई, आरिफ बेग, शेख निजामुद्दीन, मिर्जा वसीम बेग शबाब अली, शाहिद सहित कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह जानकारी कमेटी के संयोजक शेख नजीरुद्दीन ने दी।

अमर ने किया न्यू भारत स्वीट्स स्टोर का शुभारंभ

बिजनेस प्लस

बिलासपुर। रायपुर में अपार सफलता और ग्राहकों के स्नेह के बाद मिठाई एवं फूड ब्रांड न्यू भारत स्वीट्स ने बिलासपुर में अपने नए स्टोर का भव्य शुभारंभ किया। इसका उदघाटन नगर विधायक अमर अग्रवाल और महापौर पूजा विधानी ने फीता काटकर किया।

संस्थान के संचालक राकेश अग्रवाल, रोहिताश राणा एवं शंभू भैया ने बताया कि रायपुर में मिली शानदार सफलता के बाद अब बिलासपुरवासियों को भी शुद्धता, गुणवत्ता और पारंपरिक स्वाद का अनूठा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से इस नए स्टोर की शुरुआत की गई है। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि स्थानीय उद्यमों का विस्तार क्षेत्र की आर्थिक उन्नति एवं रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं महापौर पूजा विधानी ने न्यू भारत स्वीट्स की नई शुरुआत पर शुभकामनाएं देते हुए व्यवसाय की निरंतर प्रगति की कामना की। यहां अनुभवी कारीगरों द्वारा तैयार पारंपरिक एवं आधुनिक मिठाइयों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। यहां शुद्ध देसी घी से निर्मित स्पेशल शाही गुलाब जामुन, डोडा बर्फी, केसरिया मोतीचूर लड्डू, काजू कतली, काजू रोल, मिल्क केक, मलाई बर्फी, रसगुल्ला, राजभोग, बंगाली मिठाइयां, सोहन पापड़ी, ड्रायफ्रूट लड्डू एवं विभिन्न प्रकार की विशेष मिठाइयां आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

पिछले 5 साल से बिलासपुर वन मंडल ने नहीं लगाए पौधे

पांच लाख से अधिक पौधे तैयार, लगाने के लिए बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग बिलासपुर ने बारिश के मौसम में पौधरोपण करने के लिए पांच लाख से अधिक पौधे तैयार कर लिए हैं, जिसे लगाने के लिए बारिश होने का इंतजार किया जा रहा है। वहीं एक पेड़ मां के नाम पर पौधों को वितरण करने का कार्य सामाजिक संस्थाओं और समिति के साथ मिलकर शुरु कर दिया गया है।

पिछले चार पांच सालों से बिलासपुर वन मंडल ने बिलासपुर रेंज में कहीं भी पौधे नहीं लगाए हैं। विभाग का पौधरोपण मंडल के तीनों रेंज बेलगहना, रतनपुर और कोटा में किया गया है, जहां मनरेगा के साथ विभागीय और कैम्पा के तहत लाखों की संख्या में पौधे लगाए गए हैं।

शासन की हरियाली प्रसार योंजना के तहत पौधे बांटने का काम भी विभाग ने बंद कर रखा है, जिसे विभाग के प्रांगण से वितरण किया जाता था। इस योजना के साथ सेन्ट्रल और स्टेट ने संस्थानों के साथ अन्य लोगों को पौधे वितरण करने के लिए एक पेड़ मां के नाम की योजना शुरु कर दी। इसके तहत पिछले दो वर्षों से एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण करने वाले लोगों को पौधे इंदिरा अमराई, सामाजिक वानिकी द्वारा संचालित अरण्यिका से वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष भी पौधरोपण करने के लिए विभाग ने पांच लाख से अधिक फलदार और छायादार पौधे तैयार कर लिए हैं।

एक है विभाग की नर्सरी

बिलासपुर वन मंडल के पास पौधों की तैयारी के लिए कोई भी परमानेंट नर्सरी शहर और आसपास के क्षेत्रों में नहीं है। विभाग की एकमात्र नर्सरी रतनपुर वन परिक्षेत्र के इंदिरा अमराई में संचालित की जाती है, जहां करीब तीन लाख से अधिक पौधे तैयार कर लिए गए हैं। इसके साथ ही सामाजिक वानिकी की ओर से कानन पेण्डारी जू के बगल में संचालित होने वाली नर्सरी अरण्यिका से भी पौधों की मांग की गई है।

चिल्हाटी में विकसित नई नर्सरी

पौधरोपण करने के लिए बारिश का इंतजार है। वहीं एक पेड़ मां के नाम की शुरुआत कर दी गई है, जिसे विभाग स्कूलों के साथ अन्य स्थानों पर समिति, विभिन्न संस्थानों और प्रतिनिधियों के साथ मिलकर कर रही है। वर्तमान में पौधे रतनपुर के इंदिरा अमराई और अरण्यिका में तैयार हैं। वहीं आगामी वर्ष के लिए एक नई नर्सरी चिल्हाटी में विकसित की जा रही है। चिल्हाटी के साथ फदहाखार में भी पौधे तैयार किए जा रहे हैं, जिसे आगामी वर्ष में लगाने का कार्य किया जाएगा।

-यशपाल वर्मा, रेंजर, वन मंडल बिलासपुर

जिला पंचायत की बैठक आज

बिलासपुर। जिला पंचायत की बैठक 22 जून को आहूत की गई है। इसके अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में कृषि, शिक्षा, खाद्य, स्वास्थ्य, वन, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 22 जून 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

योग को जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ भारत के निर्माण में दें योगदान

योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम के साथ मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को बहतराई स्टेडियम में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि ने कहा कि योग को जीवन का हिस्सा बनाकर निरोग रहें। स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान दें। इसके अलावा शहर के गार्डनों सहित अन्य स्थानों में योगाभ्यास किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस वर्ष की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग रही। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगासन, प्राणायाम का अभ्यास किया। ब्रह्माकुमारी संस्था की मंजू दीदी ने योगाभ्यास का संचालन किया। प्रतिभागियों ने वृक्षासन, ताड़ासन, पवन मुक्तासन, कपालभाति, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, ध्यान सहित विभिन्न योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्यक्रम में विधायक सुशांत शुक्ला, पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, दीपक सिंह, पूर्व महापौर किशोर राय सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

आत्मविश्वास, एकाग्रता व सकारात्मक सोच का विकास होता है

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय परिसर में गरिमामय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम पर आधारित योग कार्यक्रम के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया गया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सामूहिक योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान सत्र आयोजित किए गए, जिनमें उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस योग कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा इसके महत्व को व्यापक रूप से प्रचारित एवं प्रसारित करना है। समारोह में जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू, जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास, जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी, जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल, जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल, जस्टिस बिभु दत्त गुरु एवं जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मन, शरीर और आत्मा के संतुलन का संदेश

एनटीपीसी सीपत में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सीपत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, सीआईएसएफ के अधिकारियों एवं जवानों तथा विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस वर्ष की थीम के अनुरूप आयोजित योग सत्र का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, स्ट्रेचिंग अभ्यास तथा प्राणायाम का अभ्यास कराया। सत्र के दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक सुरोजीत सिन्हा, महाप्रबंधक अशोक सरकार,विकास खरे, अनुराग गौतम, अधिकारीगण; कर्मचारीगण; यूनियन एवं एसोसिएशन के सदस्य श्री कपिल सुधाकर कामडी, उप कमांडेंट, सीआईएसएफ; सीआईएसएफ के अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

योग भारत की प्राचीन व अमूल्य धरोहर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 12वें योग दिवस पर बिलासपुर स्थित न्यू ऑडिटोरियम में प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में तरुण प्रकाश महाप्रबंधक, अध्यक्षा सेक्रो, अपर महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षगण, मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर, योगाचार्य एल.पी. नायक व उनकी टीम, यूनियन प्रतिनिधिगण, रेलवे परिवार के सदस्य, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। गायत्री मंत्र पाठ एवं शंख ध्वनि के बीच संपन्न इस आयोजन में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन एवं भारतीय योग संस्थान के सदस्यों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। महाप्रबंधक प्रकाश ने सभी उपस्थितजनों को दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जो कि सम्पूर्ण विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की दिशा प्रदान की है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली एक समग्र जीवन पद्धति है। योग इस दिशा में एक सरल, सुलभ एवं प्रभावी माध्यम है, जिसे प्रत्येक आयु वर्ग का व्यक्ति सहजता से अपना सकता है।

योग स्वस्थ, संतुलित एवं सक्रिय जीवन का आधार है

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा एसईसीएल योग महोत्सव के अंतर्गत वसंत क्लब, वसंत विहार कॉलोनी, बिलासपुर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम ₹स्वस्थ आयु के लिए योग के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, एसईसीएल परिवार की प्रथम महिला एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन, निदेशक बिरंची दास, निदेशक दारला सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक रमेश चन्द्र महापात्र, श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षा इप्सिता दास एवं हसीना कुमार सहित विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं योग प्रशिक्षण ब्रह्मकुमारी गायत्री देवी द्वारा प्रदान किया गया। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया।

योग भारतीय संस्कृति का अमूल्य उपहार

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सी एम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 7 सीजी बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में भव्य योगा मेला जुम्बा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल लोकेश देवा, अध्यक्षता डॉ संजय दुबे शासी निकाय के अध्यक्ष ने किया साथ ही योग प्रार्थना एवं सामूहिक योग सत्र से हुआ। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं ध्यान का अभ्यास किया।

प्रधान डाकघर में योगाभ्यास

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधान डाकघर बिलासपुर में प्रवर अधीक्षक डाकघर बीएल जांगड़े के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक भावना तामकार, जिला अस्पताल द्वारा योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा तनावमुक्त जीवन जी सकता है।

एयरपोर्ट में योगाभ्यास

बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट बिलासपुर में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में योग दिवस मनाया गया। जिसमें एयरपोर्ट डायरेक्टर एन बीरेन सिंह, टर्मिनल मैनेजर, एयरपोर्ट सिक्योरिटी यूनिट एवं एयरपोर्ट के अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मलित हुए। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास का भी सशक्त साधन है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, सकारात्मकता, आत्मविश्वास तथा ऊर्जा का संचार करता है।

केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा योगाभ्यास

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत स्थानीय केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकिशोर नगर स्थित सांस्कृतिक मंच में योगाभ्यास एवं योग जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ आरबी चौरसिया के नेतृत्व तथा कुमारी अलंकृता सिंह के मार्गदर्शन में योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया गया।

अटल विश्वविद्यालय में योग दिवस

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "योग संगम" तथा विषय "स्वस्थ आयु के लिए योग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सत्यम तिवारी द्वारा किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत योग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव साहू द्वारा कुलपति प्रो. ललित प्रकाश पटेरिया तथा डॉ. मनोज सिन्हा द्वारा कुलसचिव डॉ तारणीश गौतम का स्वागत कर किया गया।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में योग

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वास्थ्य, सामंजस्य और समग्र कल्याण के संदेश को आत्मसात करते हुए बड़े उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा समस्त कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग प्रशिक्षिका हिना दुबे और प्राची पांडे के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. श्रुति गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति एवं भावनात्मक संतुलन बनाए रखने का भी प्रभावी माध्यम है।

आर्ट ऑफ लिविंग ने कराया योगाभ्यास

आर्ट ऑफ लिविंग बिलासपुर के शहरी एवं ग्रामीण प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों द्वारा जिले एवं आसपास के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, शासकीय कार्यालयों, कॉलोनियों तथा सामाजिक संगठनों में योग, प्राणायाम एवं ध्यान सत्रों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने भाग लेकर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। अंशुला सैनी गेंदलाल पात्रे, अमृता आडवाणी एवं राजकुमार अग्रवाल, मुद्रिका ठाकुर, प्रांजल अग्रवाल एवं स्पर्श मिश्रा, शैलेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पीएनबी ने किया विशेष योग सत्र

पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय बिलासपुर में विश्व योग दिवस पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन के चेयरमैन ललित अग्रवाल ने विभिन्न योग, प्राणायाम एवं ध्यान कराया। मंडल प्रमुख अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है तथा प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर उप मंडल प्रमुख दिव्य रंजन नायक सहित मंडल कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास का लाभ प्राप्त किया।

योग शरीर, आत्मा को जोड़ने का विज्ञान

मौलाना आजाद शिक्षा महाविद्यालय कोरोना चौक में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योग शिक्षिका हर्षिता दुबे, सचिव प्रो. एमएस के. खोखर, डॉ अजरा तबस्सुम, विनीता देवांगन, नमिता करोसिया, गायत्री राजपूत, उमा श्रीवास, सरस्वती साहू, डॉ अमिता जोशी, डॉ चंद्रप्रभा जायसवाल, बीएड प्रशिक्षार्थियों ने योग, प्राणायाम का अभ्यास किया। हर्षिता दुबे ने सूक्ष्म व्यायाम ताड़ासन, वृक्षासन, भ्रामरी, प्राणायाम एवं योग निद्रा का अभ्यास कराया और कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है।

योग से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित विशेष योग एवं ध्यान कार्यक्रम का शुभारंभ सकारात्मक संकल्पों के साथ किया गया। योगा विशेषज्ञ मनोरंजन एवं नमिता पाढ़ी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, प्राणायाम व ध्यानात्मक अभ्यास कराया। योगा विशेषज्ञ श्री पाढ़ी ने बताया कि नियमित योग अभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

सिंधी महिलाओं ने किया जागरूक

पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत महिला विंग एवं भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा ने विशेष योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें योग शिक्षिका हंसिका हरिरामानी ने दैनिक योगासन औए विभिन्न मुद्राओं के बारे में जानकारी दी और अभ्यास कराया। प्रसिद्ध योग गुरु एवं विश्व योग स्वर्ण पदक विजेता दिव्या भोजवानी ने स्वस्थ जीवन शैली को लेकर मार्गदर्शन किया और कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। भारतीय सिंधु सभा की राष्ट्रीय अध्यक्षा विनीता भवनानी ने सभी को सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प कराया।

योग को जीवन में उतारने का संकल्प

अलका एवेन्यू कालोनी परिसर उसलापुर में महाराणा प्रताप महाविद्यालय के प्राचार्य डा अमिता सिंह एवं आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक बृजलाल श्रीवास के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर योग को जीवन में उतारने एवं अपने परिवार और आसपास के लोगों को इसके लाभ से अवगत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संदीप श्रीवास्तव, श्री कोरी, भास्कर शास्त्री, नीतेश पांडेय सहित अनेक लोग शामिल हुए।

रासेयों ने आयोजित की योग कार्यशाला

शा. बाल गृह बालिका सरकंडा में मोना केंवट कार्यक्रम अधिकारी, डॉ एसके शर्मा के दिशा-निर्देश में पीएनएस महाविद्यालय बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तीन दिवसीय योग कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें योग प्रशिक्षक शशि किरण साहू ने योग, आसन, प्राणायाम कराया। कार्यशाला के उद्घाटन दिवस पर डॉ मनोज सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक एयू, समाजसेवी रेखा गुल्ला ने बच्चों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने और सपनों को साकार करने की प्रेरणा दी।

डी.पी. विप्र महाविद्यालय में योग महाकुंभ

डीपी विप्र महाविद्यालय में एक भव्य एवं प्रेरणादायक योग महा कुम्भ सत्र का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स, क्रीड़ा विभाग के खिलाड़ी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। शुभारंभ प्रातःकालीन वातावरण में योग एवं ध्यान के साथ हुआ। योग प्रशिक्षक एस.पी. रजक ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं शारीरिक व्यायामों का अभ्यास कराया।

प्रथम हॉस्पिटल में योग शिविर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज प्रातःकाल प्रथम अस्पताल में योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के कंसल्टेंट चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा नियमित योग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी प्राप्त की। अंत में डॉ रजनीश पांडेय एवं डॉ वाई एस परिहार ने सभी प्रतिभागियों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

मेडिटेशन से गहन शांति की अनुभूति

ब्रह्माकुमारीज ओम शांति सरोवर उसलापुर में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू से आईं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका डॉ बीके मनीषा बहन ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यायामों का अभ्यास कराया। उसलापुर सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका बीके छाया दीदी ने राजयोग मेडिटेशन का महत्व बताया एवं सभी प्रतिभागियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराते हुए गहन शांति की अनुभूति कराई।

सेजेस तिफरा में बच्चों ने किया योगाभ्यास

सस्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तिफरा में प्राचार्य डॉ विश्वनाथ कश्यप, विशेष आमंत्रित सदस्य भूषणलाल कश्यप पतंजलि, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन से जय कौशिक, कृष्ण कुमार कश्यप, संकुल समन्वयक सुनील पांडेय सहित तिफरा के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया। घर-घर योग हर घर योग का नारा लगाते हुए योग मित्र जय कौशिक व्याख्याता ने योग सेवा का संकल्प करा नियमित योग करने प्रेरित किया। भूषणलाल कश्यप ने देशभक्ति गीत पेश किया।

विवेकानंद केंद्र में योगासन

विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में योग का प्रदर्शन किया गया। योगाभ्यास का आरंभ तीन ओंकार एवं प्रार्थना से हुआ। तत्पश्चात मुख्य योग प्रशिक्षक विभाग संगठक योगेंद्र राठौड़ के मार्गदर्शन में उपस्थित जन समूह एवं बच्चों ने योगाभ्यास का प्रदर्शन किया। जिसमें ताड़ासन वृक्षासन अर्ध कटी चक्रासन पद हस्त आसान एवं अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी एवं ओम का ध्यान किया गया।

पुष्कर कॉन्वेंट स्कूल में योगाभ्यास

पुष्कर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल तिफरा में नियमित रूप से योगा, मेडिटेशन, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम एवं ताइक्वांडो का नियमित अभ्यास कराया जाता है। शिक्षिका काजल शुक्ला के द्वारा योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने से सर्वांगीण विकास का होना संभव है इस पर प्रकाश डाला इस अवसर पर मुख्य रूप से खुशी कश्यप सोनम साहू आदि बच्चों के साथ स्कूल के प्राचार्या शशि चंद्रनाहू, शिक्षकगढ़ प्रीति नायक, सौमिकधारा, निशा नागपुरे, एवं पलको द्वारा योग किया गया।

साइंस कॉलेज में योग दिवस मनाया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग संगम का आयोजन किया गया, जिस पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय आडिटोरियम में किया गया, जहाँ सभी ने मिलकर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक एवं प्रसन्नतापूर्वक अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान की।

खबर संक्षेप

जनपद अध्यक्ष ने किया सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

बोदरी। ग्राम पंचायत खम्हारडीह में पन्द्रहवें वित्त की राशि से 3 लाख रुपए का सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष बिल्हा डा. रामकुमार कौशिक ने कहा कि बिल्हा विधान सभा के विधायक धरम लाल कौशिक के नेतृत्व में सभी ग्राम पंचायत में तेज गति से विभिन्न निर्माण कार्य पूरा किया जा रहा है। सड़क, नाली, सामुदायिक भवन स्कूल भवन, आंगनबाड़ी भवन, पीडीएस भवन, रामायण मंच, सीसी रोड आदि निर्माण कार्यों में तेजी आई है। भूमि पूजन कार्यक्रम में डा. लक्ष्मण यादव, मोनू यादव, प्रमोद वैष्णव, रोहित जगत, रामचंद्र जायसवाल सहित सभी पंच एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

ऋषभ ने सीए की परीक्षा में हासिल की सफलता

सीपत। देश की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित पेशेवर परीक्षाओं में शुमार चार्टर्ड अकाउंटेंसी सीए फाइनल परीक्षा में सीपत क्षेत्र के ऋषभ गुप्ता ने सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि के साथ वे सीपत क्षेत्र के पहले चार्टर्ड अकाउंटेंट बन गए हैं। ऋषभ के पिता दिलीप गुप्ता क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक हैं। वे कपड़ा दुकान के संचालक हैं। माता लेखनी गुप्ता ने बताया कि ऋषभ बचपन से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रहा है। वहीं समाज के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि ऋषभ भविष्य में अपने ज्ञान, ईमानदारी और कार्यकुशलता से क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन करेंगे।

राष्ट्रीय छात्रवृति पात्रता परीक्षा में बच्चों का चयन

लोरमी। संकुल लाखासार अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोदवा महंत से मीनाक्षी नेताम पिता अनिल नेताम एवं बघनीभांवर निवासी विष्णु कुमार ध्रुर्वे पिता कुंवर सिंह ध्रुर्वे ने राष्ट्रीय साधन सह मेघा छात्रवृति योजना परीक्षा में अमृत टोप्पो प्रधान पाठक के मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त की। इसी तरह राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमलडीही की चार छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। चयनित छात्राओं में दिव्या पटेल, आरती साहू, रिया चेलकर एवं अल्का चेलकर शामिल हैं। छात्राओं की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधान पाठक एलआर यादव तथा शिक्षक गोमेदनी खरे, गोविंद सिंह राजपूत एवं नारायण साहू ने उत्साहवर्धन किया है।

युवक से मारपीट जुर्म दर्ज

तखतपुर। गाली देने की बात को लेकर आरोपी ने युवक के साथ मारपीट कर दिया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार बहुरता निवासी राहुल ठाकुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराइर है कि 20 जून को शाम 4 बजे वह बहुरता में दैहान के पास आशीष साहू के साथ बातचीत कर रहा था तभी आरोपी मोनू यादव गाली दे रहे हो कहकर गाली गालौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

पुलिसकर्मी बनकर पहुंचे अज्ञात कार सवार

मरवाही थाना क्षेत्र के उषाढ़ गांव में दिनदहाड़े किराना व्यापारी का अपहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

मरवाही के ग्राम उषाढ़ में दिनदहाड़े एक व्यापारी का अपहरण कर लिया गया। दो अज्ञात बदमाश पुलिसकर्मी बनकर आए और पिस्तौल की नोक पर व्यापारी को अगवा कर ले गए।

■ अपहरण करते हुए का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया

इस पूरी वारदात का सी सी टी वी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें अपहरणकर्ता साफ तौर पर दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर फुटेज की मदद से जांच तेज कर दी है।

व्यापारी की पत्नी दुर्गा यादव ने पुलिस को बताया कि उनके पति गिरीश यादव ग्राम उषाढ में किराना, छड़-सीमेंट और आटा चक्की का व्यवसाय करते हैं। दोपहर करीब 11 बजे जब गिरीश यादव घर के गलियारे में सो रहे थे और उनका बेटा पंकज दुकान पर था, तभी एक नीले रंग की कार से दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे। बदमाशों ने दुकान से सिगरेट-पानी खरीदा और पंकज से उसके पिता के बारे में पूछा। पंकज जैसे ही अपने पिता को बुलाने अंदर जाने लगा, दोनों बदमाश जबरन घर में घुस गए। उन्होंने सो रहे गिरीश यादव को उठाया और स्टील रंग की पिस्तौल दिखाकर खुद को पुलिसकर्मी बताया।

सीसीटीवी में कैद आरोपियों की तस्वीर, इनसेट में अपहृत व्यापारी।

विरोध करने पर गोली मारने की दी धमकी

विरोध करने पर बदमाशों ने गिरीश यादव को पैर में गोली मारने की धमकी दी और उन्हें जबरन कार में बैठाकर बरौर बस्ती की ओर ले गए। पंकज ने कार के नंबर का कुछ हिस्सा ओडी 8552 देखा था। सामने आया सीसीटीवी फुटेज भी इस मामले में पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सुराग बन गया है। घटना के बाद व्यापारी के छोटे भाई मनीष जायसवाल ने बरौर में कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश गाड़ी को मरवाही की तरफ तेजी से भगा ले गए।

आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(3), 3(5), 333, 351(3) और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

-**अविनाश मिश्रा**, एडीशनल एसपी, जीपीएम

युवक की फांसी पर लटकती मिली लाश, तालाब में अधेड़ की मौत

लोरमी। अंचल में दो अलग अलग घटनाओ में एक अधेड़ एवं युवक की मौत हो गई। ग्राम लगरा में युवक की लाश फांसी पर लटकती मिली। ग्राम कोसमतरा के तालाब में डूबने एक अधेड़ की मृत्यु का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने दोनों मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार फास्टरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमतरा मानस मंच के सामने डबरी में

दोपहर 3.30 बजे ओमप्रकाश वास 45 वर्ष पिता स्व. जादूराम वास निवासी कोसमतरा की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वह 20 जून को डबरी में नहाने गया था। नहाते समय डबरी के पानी डूबने से मृत्यु हो गई। दूसरा मामले में चैत राम घृतलहरे पिता स्व. 54 वर्ष भाईराम निवासी ग्राम लगरा थाना फास्टरपुर में 20 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पुत्र करन घृतलहरे 23 वर्ष पिता चैतराम घृतलहरे की लाश घर की सीलिंग फैन में फांसी पर लटक रही है। पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम किया।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा

मुंगेली। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने मनियारी सभाकक्ष में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागवार लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त प्रत्येक शिकायत शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही से जुड़ी होती है। इसलिए सभी विभाग शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। केवल औपचारिक जवाब देने के बजाय शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक और संतोषजनक समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शासन और जनता के बीच विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए सभी विभाग शिकायतों का गंभीरता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ निराकरण करें, ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की नियमित ऑनलाइन मॉनिटरिंग करें तथा निराकरण की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखें। बैठक में शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए सीईओ ने संबंधित इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।

जिला चिकित्सालय में अटल आरोग्य लैब शुरू

गौरेला। आम नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला चिकित्सालय में अटल आरोग्य लैब का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रणव कुमार मरपची एवं नगर पालिका गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर लैब का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा कि राज्य शासन की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं के तहत स्थापित अटल आरोग्य लैब से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अब मरीजों को विभिन्न पैथोलॉजिकल जांचों के लिए निजी जांच केंद्रों पर अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं उपलब्ध होने से रोगों की समय पर पहचान और बेहतर उपचार सुनिश्चित हो सकेगा।

जिला चिकित्सालय प्रशासन ने बताया कि अटल आरोग्य लैब के माध्यम से नागरिकों एवं अस्पताल में उपचार हेतु आने वाले मरीजों को 134 प्रकार की विभिन्न पैथोलॉजिकल जांचें पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इन जांचों से विभिन्न रोगों की त्वरित एवं सटीक पहचान संभव होगी, जिससे मरीजों को समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामेश्वर शर्मा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह पैकरा, पैथोलॉजी प्रभारी अधिकारी डॉ. देवेश सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

वैश्विक पटल पर महाशक्ति के रूप में उभर रहा है भारतः तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का सम्मान करते कार्यकर्ता।

तखतपुर। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने तखतपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनसे चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि मोदी सरकार के ये 12 वर्ष देश के नवनिर्माण, गरीब कल्याण और सुशासन के बेमिसाल वर्ष रहे हैं। आज भारत वैश्विक पटल पर एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों और धरातल पर रात-दिन मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा की जा रही योजनाओं की जानकारी सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आमजन तक पहुंचाएं क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी के संदेशों का आमजन तक पहुंचाने वाला सबसे अच्छा माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा की। कार्यकर्ताओं का निर्देशित किया कि वे जिस भी बूथ से जुड़े हुए है उस बूथ को मजबूत करें उस क्षेत्र के मतदातओं और कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क बनाए रखे। इस अवसर पर अश्वनी शर्मा, मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह ठाकुर, प्रीतम कश्यप, कोमल सिंह, नारायण सिंह, अमित मंदानी, वंदना सिंह, शिप्रा सामुएल, लव पांडेय, दिलीप तोलानी, लता कश्यप, मालती यादव, श्यामा रामा नंदी कैलाश देवांगन, सुरेश देवांगन, सुनील आहुजा, इस्लाम अंसारी, विश्वनाथ यादव, संदीप खांडे, गिरीश कश्यप, सूरज रजक, पुष्पराज सिंह, हेमचंद कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिला साहू संघ के अध्यक्ष बने रामलाल, रमतला में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साहू समाज बिलासपुर की जिला स्तरीय सामाजिक चिंतन बैठक 20 जून को मंगल भवन रमतला में हुई। बैठक में कोटा निवासी राम लाल साहू को जिला साहू संघ बिलासपुर का अध्यक्ष बनाया गया है।

चिंतन बैठक के संचालन के लिए वरिष्ठ समाज सेवी एवं पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर डॉ. केके साव को सभापति चुना गया। चिन्तन बैठक में संघ की वर्तमान गतिविधियों पर विभिन्न वरिष्ठ सामाजिकजनों एवं पदाधिकारियों ने चिंतन कर अपनी अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष को संचालन समिति गठित करने के लिए अधिकृत किया गया। संचालन समिति मे जिले सम्पूर्ण से वरिष्ठ पदाधिकारियों, मातृ शक्ति, युवा शक्ति और समाज के समर्पित कार्यकर्ताओं को शामिल करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन राम कृष्ण साहू ने एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष ललित साहू ने किया। इस मौके पर ब्रजेश साहू पूर्व जिलाध्यक्ष, ललित साहू उपाध्यक्ष, गुरुचरण साहू कोटा, एमएल साहू, विनोद साहू बिलासपुर, रामकृष्ण साहू, बंटी साहू, संतोष साहू चकरभांठा, विनोद साहू नवागांव, संतोष साहू सीपत, रेवा शंकर साहू, दुर्गा साहू, घनश्याम साहू, विनोद साहू मडाई, महेश साव, रामू साहू, क्रांति साहू, जनक राम साहू, हरिश्चंद्र साहू, ताराचंद साहू, मेघ नाथ साहू,दीना साहू, सुनील साहू, दिनेश साहू, नैन लाल साहू, श्री राम साहू, राम शरण साहू, प्रेम साहू, अनिल साव, जेठू साहू, सुनील साहू, दौलत साहू, योगेश साहू, राम स्नेही साहू, मानसुदन साहू, संतोष साहू सेंदरी, राम किशुन साहू, नारायण साहू, सुखदेव साहू, जलेश साहू, राम कुमार साहू, जितेन्द्र साहू, प्रहलाद साहू, कलेश्वर साहू,ओंकार साहू, पुरुषोत्तम साहू, श्रीमति श्वेता साव, गंगा साहू, सुकृति साहू, सुनीता साहू, सोनिया साहू, सरोजनी साहू, सुलोचना साहू, कल्याणी साहू, अनीता साहू आदि उपस्थित थे।

■ वरिष्ठ सामाजिकजन एवं पदाधिकारियों ने भी रखे अपने विचार

डीईओ ने किया सेजेस पंधी का निरीक्षण

■ सत्र आरम्भ होते ही कार्ययोजना बनाकर अध्यापन कराने दिए निर्देश

बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी का नवपदस्थ डीईओ रामेश्वर जायसवाल ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन कक्ष, लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष, हेल्थ केयर टूरिज्म के व्यवसायिक प्रखंड, विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया।

डीईओ श्री जायसवाल सेजेस पंधी में निरीक्षण करने पहुंचे उस दौरान सेजेस पंधी में शासन के नए निर्देशानुसार एसएमसी गठन हेतु पालक, अभिभावक की बैठक संचालित हो रही थी। सेजेस पंधी स्कूल के प्राचार्य संजय शर्मा व पालक व अभिभावकों ने डीईओ का स्वागत किया। शिक्षकों और पालको को संबोधित करते डीईओ श्री जायसवाल ने कहा कि विद्यालय परिसर स्वच्छ वातावरण, लाइब्रेरी क्रियाशील, प्रयोग कक्ष व्यवस्थित है और पंधी स्कूल के कार्यों का उन्होंने सराहना किया। साथ ही कहा कि विद्यालय के संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुए यहां के व्याख्याता, शिक्षक सेजेस पंधी के परिणाम को आने वाले वर्षों में और बेहतर करने प्रत्येक शिक्षकों को उन्होंने हिदायत भी दिया। उन्होंने कहा कि सत्र आरंभ होते ही कार्ययोजना के अनुसार छात्रों के अच्छे परिणाम हेतु प्रयास करें, शिक्षकों को आगाह किया कि शत प्रतिशत परिणाम प्राप्ति हेतु सजग रहते हुए अपने कार्य बढ़ाना है।

वृहद पंजीकरण शिविर का समापन

मुंगेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में 18 से 20 जून तक आयोजित तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर समापन हुआ।

विश्वास के विकास, जनकल्याण के 12 वर्ष की थीम पर आयोजित इस अभियान के तहत जिले के तीनों विकासखंड मुख्यालयों में शिविर लगाए गए। जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक भवन में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा मौके पर ही पंजीयन, आवेदन और लाभ वितरण की सुविधाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले शामिल हुए। उन्होंने स्टालों को अवलोकन कर आमजनों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मोहले ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस दौरान मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, गणमान्य नागरिक शैलेष पाठक, जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

प्लांट हादसे में युवक की मौत एनएच पर शव रख चक्काजाम

सरगांव। ग्राम पंचायत रामबोड़ स्थित संयंत्र में हुए हादसे में घायल हाइवा चालक धर्मेंद्र यादव (50 वर्ष) की मौत के बाद शनिवार को परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। प्लांट प्रबंधन की लापरवाही और मुआवजे में देरी से नाराज लोगों ने मनियारी चौक पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। करीब 20 मिनट तक चले इस प्रदर्शन के कारण मोहदा से किरना तक लगभग 6 किलोमीटर वाहनों की कतार लग गई। जानकारी के अनुसार ग्राम करही निवासी धर्मेंद्र यादव गुरुवार सुबह प्लांट में आयरन लोड हाईवा को रोकने के प्रयास में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी बिलासपुर सिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद परिजन 25 लाख रुपए मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर दो दिनों तक पोस्टमार्टम न कराने पर अड़े रहे। मामले में दिलीप कौशिक, आशुतोष पांडे, चिंतामणि, टिक यादव, शिवकुमार धृतलहरें ,पुष्पा धृतलहरें के खिलाफ़ मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है।

कुसमुण्डा खदान में डंपर पलटने से ऑपरेटर की मौत

कोरबा। एसईसीएल कुसमुण्डा खदान के ओवरबर्डन डंपिंग क्षेत्र में डंपर संचालन के दौरान एक डंपर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में डंपर ऑपरेटर केबिन में फंस गया जिसकी वजह से उसकी मौके ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और डंपर में फंसे आूपरेटर को बाहर निकाला। साथी कर्मी की मौत से कर्मियों ने प्रबंधन पर सुरक्षा में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। एसईसीएल कुसमुण्डा खदान में सत्यनारायण उम्र 29 वर्ष शनिवार और रविवार की दरमियानी रात लगभग 12:30 बजे ओवरबर्डन डंप क्षेत्र में डंपर का संचालन कर रहा था। इसी दौरान डंपर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना गंभीर था कि डंपर के केबिन में फंसने से ऑपरेटर सत्यनारायण की मौके पर ही मौत हो गई।

श्रीमान नोटरी महोदय तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं श्री विनोद उम्र 37 वर्ष पिता नानदाऊ जाति गोंड निवासी ग्राम सुरही तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) निवासी हूं। जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि
01. यह कि मेरे पुत्र आदि कुमार की आधार कार्ड में उनका नाम त्रुटिवश आर्यन मसराम अंकित हो गया है।
02. यह कि मेरे पुत्र आदि कुमार की जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन नं. B20252148120000010 एवं अंकसूची में अंकित है जो कि सही है।
03. यह कि शपथ पत्र आधार कार्ड में त्रुटि सुधार कर आदि कुमार करने हेतु प्रस्तुत कर निष्पादित करता हूं। अंकसूची एवं आधारकार्ड में मेरा नाम आदि कुमार पिता विनोद लिखा है जो सही हैं।

शपथकर्ता- विनोद

सत्यापन

मैं श्री विनोद आज दिनांक को स्थान लोरमी में यह सत्यापित करता हूं कि कंडिका क्र. 01 से 03 तक की उक्त सभी बातें मेरी जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य है जिसे मैं पढकर समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

दिनांक 15.06.2026

विनोद
शपथकर्ता के हस्ताक्षर

सार्वजनिक सूचना
(Public Notice)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राकेश कुमार दुबे (क्रेता) ने भूमि स्वामी श्री टी. अनिल पिल्ले (विक्रेता) से नीचे वर्णित अचल संपत्ति को क्रय करने का सौदा कर दिनांक 22/05/2026 को इकरारनामा निष्पादित कराया है:
संपत्ति का संक्षिप्त विवरण: मौजा- सिरगिट्टी (प.ह.नं. 23), विकास खण्ड - बिल्हा, नगर निगम सीमा क्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत भूखण्ड क्रमांक 182, शीट नं. 20, खसरा नं. 618/3, कुल रकबा 1350 वर्गफुट।

अतः उक्त भूमि/भूखण्ड के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था या शासकीय विभाग को कोई भी आपत्ति, स्वत्व, भार (Loan), या लीन हो, तो वे इस सूचना प्रकाशन के 14 दिनों के भीतर अपने वैध मूल दस्तावेजों व सबूतों के साथ अधोहस्ताक्षरी (क्रेता/ अधिवक्ता) के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें।

अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा और यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति पूर्णतः भारमुक्त व निर्विवादित है, तथा विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) की कार्रवाई पूर्ण कर ली जाएगी।

क्रेता:-
श्री राकेश कुमार दुबे
निवासी- बी. 118, संजय हाइट्स,
अशोक नगर चौक के पास,
बिलासपुर (छ.ग.)
मोबाईल नंबर - 9203600009

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा
तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
-: सूचना :-
क./Q/ तह./रा.नि./सीमा./2026
सरकण्डा, दिनांक 19/06/2026
प्रति. 1. आवेदक विनोद दुबे पिता मानिकलाल दुबे 2. उत्तमदास पिता गौतमदास बंजारा (मो. नं. 9589240275) 3. बबिता पति उत्तमदास बंजारा 4. जितू सिंह राजपूत (मो. नं. 8839558640) 5. नागेश गुप्ता (मो.नं. 9406211381) पिता आई. पी. गुप्ता 6. रामशरण पिता प्यारेलाल यादव 7. अन्य हितबद्ध पक्षकार
विषय:- सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बावत।
संदर्भ:- न्यायालय/अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक रा.प्र.क्र./अति. तह./रीडर/2026 बिलासपुर, दिनांक 24/04/2026
संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक विनोद दुबे पिता स्व. मानिकलाल दुबे निवासी खपरगंज, बिलासपुर द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 1395/17 रकबा 2193 वर्गफीट भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 24/06/2026 को सुबह/दोपहर / शाम, समय 10.00 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।
अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।
टीप: विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है आवेदक का मोबाईल नंबर 9993596559
राजस्व निरीक्षक तहसील बिलासपुर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

खबर संक्षेप

भटगांव स्कूल के बच्चों ने किया योगासन

मुंगेली। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भटगांव में अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग दिवस पर आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक श्री ध्रुव के मार्गदर्शन में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया गया। संस्था के प्रधानपाठक महेंद्र ठाकुर ने कहा कि सभी को नियमित रुप से योग करना चाहिए। योग से हमारा मन और शरीर दोनों स्वस्थ राहता है। इस अवसर पर शिक्षक राजेश चतुर्वेदी, अमित सोनी तथा आयुष विभाग से विकास शर्मा एवं स्कूली विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

योग से स्वस्थ रहता है शरीर

मुंगेली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच लुमेश सप्रे, विशिष्ट अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष कमलेश प्रजापति ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं अंबेडकर पर फूलमाला अर्पण के साथ किया। प्राचार्य एडी अंचल ने बताया कि योग से शरीर स्वस्थ रहता है, केवल एक दिन ही नहीं, हमें प्रतिदिन योग व्यायाम करना चाहिए। कार्यक्रम को सरपंच लुमेश सप्रे, योग प्रशिक्षक मोहन उपाध्याय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अनुलोम विलोम, योग आसन, भ्रामरी, प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार, प्रार्थना संकल्प एवं उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति पर संकल्प कराया गया। इस अवसर पर उमाकांत मिरी, मीरकंठ साहू, अमीन सोनवानी, लालाराम घृतलहरे, एलएन जोशी, ज्योति सिंह, जयसिंह मरकाम, झमेश पटेल, बलदाऊ साहू, हेमराज सप्रे, संतोष सप्रे, कुमारी मुस्कान, कमल सिन्हा सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

महिलाओं को कराया गया योगाभ्यास

मुंगेली। केशरवानी महिला सभा की सदस्यों को स्थानीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम गार्डन में योग प्रशिक्षिका जया गुप्ता द्वारा दंडासन, पर्वतासन, प्रणामासन, वज्रासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार जैसे योग के फायदे बताए गए। योग अच्छे स्वास्थ्य का विज्ञान एवं कला है। यह एक आध्यात्मिक क्रिया है जो मन और शरीर को एक साथ सामंजस्य बनाए रखते में मदद करता है, राहत प्रदान करता है। आसन शारीरिक और मानसिक शक्ति के साथ-साथ सेहतमंद रहने में भी मदद करते हैं। ज्ञात हो कि जया ने समाज के साथ ही अन्य लोगों को दस वर्ष पूर्व समाज में योग के प्रति जागरूक किया और तभी से योग दिवस मनाया जाने की शुरुआत महिला सभा में की गई।

जीवन को सकारात्मक दिशा देता है योग

मुंगेली। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यापीठ परिसर चारभाटा में 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि संतुलित, स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीने की संपूर्ण जीवन-पद्धति है। यह शरीर को ऊर्जा, मन को शांति और जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मुंगेली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एवं सर्व सेन श्रीवास समाज जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह ठाकुर, प्राचार्य नोहर साहू, ऋषि कुमार, आयोदा ठाकुर, गुलाब ठाकुर, अशोक साहू, दनेश साहू, दानेश्वर साहू, संतोष पटेल, राजेश साहू, समस्त कार्यकर्ता बंधु एवं बच्चे शामिल हुए।

स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है योग

बिल्हा। उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, हथनी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. तोरण लाल साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. साहू ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने सभी को नियमित रूप से योग अपनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि योग तनाव प्रबंधन, कार्यक्षमता में वृद्धि तथा समग्र स्वास्थ्य के लिए अत्यंत प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

योग तनावमुक्त जीवन का आधार

मुंगेली। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी सहित न्यायपालिका से जुड़े अधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। श्रीमती मेरावी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन का आधार है। कार्यक्रम का उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना, स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करना रहा।

योगाभ्यास के लिए समर्पित भवन के निर्माण के लिए मिलेंगे 10 लाख रुपए

स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का प्रभावी माध्यम है योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, अपर कलेक्टर जी.एल. यादव, एसडीएम अजय शतरंज, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, शैलेश पाठक सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। योगाचार्य विवेक केशरवानी, पुरुषोत्तम जायसवाल एवं अन्य प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में नियमित योग को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताते हुए सभी को इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई।

इस अवसर पर विधायक श्री मोहले ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने योगाभ्यास के लिए समर्पित भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही योगाचार्यों एवं प्रशिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पांडेय ने सभी नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए योग को स्वस्थ समाज की मजबूत नींव बताया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मानव शरीर अमूल्य है और इसे स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाए रखने के लिए नियमित योग आवश्यक है। उन्होंने नकारात्मकता से दूर रहकर स्वस्थ, स्वच्छ और प्रसन्न मुंगेली के निर्माण में सभी से सहभागी बनने का आह्वान किया। वनमंडलाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली धरोहर है, जो मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। कार्यक्रम में योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले योगाचार्यों एवं प्रशिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और आम नागरिक मौजूद रहे।

योग करते विधायक एवं अधिकारी।

सकारात्मक जीवनशैली का आधार है योग

तखतपुर। कृषि उपज मंडी परिसर में योग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा परिवार, जनप्रतिनिधियों, नगरपालिका परिवार, नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया। योग सत्र का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया। योग गुरु उपेंद्र खुराना, मुकेश वर्मा, प्रियंका गुप्ता ब्रह्माकुमारी संस्था की बहन द्वारा उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का प्रशिक्षण दिया गया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है। इस अवसर पर नैन लाल साहू, प्रीतम कश्यप, दिनेश राजपूत, कृष्ण कुमार साहू, दिलीप तोलानी, ईश्वर देवांगन,पार्षद कैलाश देवांगन,शैलेन्द्र निर्मलकर, अजय यादव, काशी देवांगन, श्याम सुंदर कश्यप, सरजू यादव, हेमचंद, राजेंद्र मेरसा, पेखन सिंह, लता कश्यप, प्रतिभा देवांगन, शिप्रा, सामुएल आदि मौजूद थे।

राम सदन में योग: भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति द्वारा श्रीराम सदन में प्रातः 6 बजे गायत्री महामंत्र के साथ योग दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि हाई कोर्ट अधिवक्ता अशोक ठाकुर, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र शुक्ला प्राचार्य थे। तहसील अध्यक्ष ठाकुर रोहन सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अशोक ठाकुर ने योग प्राणायाम और यज्ञ की परंपरा को ऋषियों के प्राचीन धरोहर के रूप में बताया। इस अवसर पर नारायण प्रसाद पाली, गोपाल सिंह क्षत्रिय, जितेंद्र शुक्ला, जनक राम ताम्रकार, अशोक दुबे, योगेंद्र मिश्रा, मुन्ना गुप्ता, जितेंद्र शुक्ला, ज्ञान सिंह ठाकुर,सालिक सोनी, योगेश्वर राज, एवं बड़ी संख्या में योग साथी उपस्थित रहे ।

महाविद्यालय में योग: योग दिवस पर जेएमपी महाविद्यालय में भी योगभ्यास किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार दुबे, डॉ. राकेश कुमार कुर्रे, डॉ. मीना शर्मा, डॉ. सीमा मानीषा नाथ, डॉ. इंदु कौशल, डॉ. पार्वती पटेल, डॉ. सस्मिता बागाहि, डॉ. सिमरण टेकचंदानी एवं डॉ. मीरा गुप्ता, संतोष कुमार साहू, प्रकाश ठाकुर, मोहम्मद मकसूद सहित अन्य उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर में किया योगाभ्यास

बेलतरा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ राजेश दुबे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा योग का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के बीच पूर्ण संतुलन स्थापित करना है। विद्यालय के संचालक गगन कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है। वर्तमान समय में स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ।

अलग जगहों पर सामूहिक रूप से योगाभ्यास

लोरमी। क्षेत्र में अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने योग करके अलख जगाया है। नगर के मानस मंच में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजना देवी दास के नेतृत्व में योग किया गया। ग्राम साल्हेघोरी के महात्मा गांधी स्कूल प्रांगण में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों ने योग प्रशिक्षक राजाराम साहू के अनुसार विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। नहर रोड स्थित साहू धर्मशाला में आर्ट ऑफ़ लिविंग के प्रशिक्षक हरजिंदर छाबड़ा ने योग कराया। ग्राम झाफल के महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक रामप्रकाश सिंह राजपूत थे। ग्राम हरदी बांध में प्रधानपाठक डॉक्टर सत्यनारायण तिवारी ने योग, व्यायाम और प्राणायाम को करने जोर दिया। पंचायत सचिव हरीश वैष्णव ने सभी से निरंतर योग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में शिक्षक विद्यानंद कश्यप, अमित कुमार डडसेना, दीपा मिश्रा, पुनीता कश्यप एवं वैभव धृतलहरे उपस्थित रहे। साल्हेघोरी में प्रदेश प्रतिनिधि धनीराम यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री विनय साहू, जिला पंचायत सदस्य अनीता साहू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, अन्नपूर्णा साहू, जन्मेजय जायसवाल एवं नगर के नहर रोड में आर्ट ऑफ लिविंग के वालंटियर डॉक्टर रूपेश साहू, दिनेश जायसवाल, देव चौहान, सूर्यकांत शर्मा, श्याम अग्रवाल, लीना छाबड़ा, मधु साहू, अनामिका चौहान, निखिल मौर्य, सुरेश, धनेश साहू आदि ने योग किया।

श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में योग शिविर

सेतगंगा/मुंगेली। भाजपा मंडल सेतगंगा के तत्वावधान में प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में योग शिविर का सफल आयोजन किया गया। मंदिर परिसर के पवित्र और ऊर्जावान वातावरण में सभी ने पूरे उत्साह के साथ योगासनों का अभ्यास किया। जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति रजनी मानिक सोनवानी ने अपने संबोधन में योग से होने वाले लाभ पर प्रकाश अर्चना बंजारे ने कहा कि योग मनुष्य के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम भी करता है। इस अवसर पर पूर्व जिपं सदस्य मानिकलाल सोनवानी, सुखचंद साहू, डॉ. लालाराम साहू, अंचना बंजारा, मनोहर मोहले, नारायण शर्मा, डॉ. राजेश गुप्ता, रज्जू श्रीवास, मनोहर गबेल, जगमोहन मिरी, सूरज तिवारी, जय देवांगन, उमाशंकर देवांगन, डॉ. रमाकांत सोनी, राजू सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर

बिल्हा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि आज हम विश्व योग दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और विचार सकारात्मक बनते हैं। योग न केवल रोगों से बचाव करता है, बल्कि बढ़ती आयु में भी व्यक्ति को सक्रिय, ऊर्जावान और आत्मनिर्भर बनाए रखने में सहायता करता है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव, चिंता और अनेक स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ रही हैं। ऐसे समय में योग एक प्रभावी समाधान के रूप में हमारे सामने है। हमें प्रतिदिन कुछ समय योग, प्राणायाम और ध्यान के लिए अवश्य निकालना चाहिए। यदि हम आज से ही योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें, तो हम एक स्वस्थ, सुखी और संतुलित जीवन जी सकते हैं।

योग से ही निर्मित होती है निरोग काया

मल्हार। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ीखार प्रांगण में ग्राम के नागरिक, शिक्षकों, विद्यार्थियों की उपस्थिति में योग दिवस मनाया गया। योग शिक्षक के रूप में रूपेंद्र सिंह महिलांगे एवं आर के यादव व्यायाम शिक्षक के द्वारा योग के अनेक आसन एवं उनके महत्व को बताते हुए योग कराया गया। संस्था के प्राचार्य काशीराम रजक ने बताया कि योग से ही निरोग काया निर्मित होता है अगर हम योग करते हैं तो उनके अनेकों फायदा होती है मन मस्तिष्क से लेकर के ज्ञान में भी वृद्धि होती है इसलिए हमें हमेशा योग करना चाहिए। प्रधान पाठक बीरबल प्रसाद थवाईत ने कहा कि योग करने से हजारों बीमारियां दूर हो जाती है हमें और हमारे परिवार के सदस्यों को योग के लिए जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर दीपक गुप्ता, घनश्याम रजवार, रामझूल केंवट, दिलीप, रमेश कुमार कुर्रे, श्याम यादव, कल्पना टंडन, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक प्रमोद कुमार सिंह राज, अभिषेक खुंटे, कमल मानिकपुरी, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, सहित संस्था के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शासन के निर्देशानुसार नशा मुक्ति का भी शपथ लिया गया।

स्कूली बच्चों के साथ लोगों ने किया योग

मल्हार। अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पंचायत मल्हार में सामूहिक योग किया गया। सैकड़ो की संख्या में स्कूली बच्चे नगरवासी सम्मिलित हुए। नगर पंचायत मल्हार के नैया तालाब स्थित मंगल भवन में नगर पंचायत द्वारा सामूहिक योग का आयोजन किया गया जिसमे नगर के सभी स्कूल के बच्चे, शिक्षक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी के साथ स्थानीय लोगों ने योगाभ्यास किया। योगाचार्य दिलीप पांडे की नेतृत्व में योग का कार्यक्रम सुबह 7 बजे से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी केवट, भाजपा मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा, मछुआरा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धनेश्वर केवट, पार्षद आशुतोष वर्मा, मिथुन यादव, रामफल कांत, सुजीत राजभानु, मिलु राम कैवर्त, प्रमोद थवाईत, रामनारायण कश्यप, फिरतू देवांगन, सदन देवांगन, हीरालाल निर्मलकर, विशाल चौहान, हेमंत तिवारी, प्रेमलाल जायसवाल, सनी राम साहू, विनोद वर्मा, भानु केवट, सीताराम मरावी, कमलेश साहू, आकाश वर्मा, गजेंद्र सहित अधिकारी कर्मचारी, हाई स्कूल, प्राथमिक स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं सहित अन्य मौजूद थे।

डीएवी स्कूल में मंत्र व शांति पाठ के साथ योग

मस्तूरी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल वेद परसदा में स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग मंत्र एवं शांति पाठ के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बताया गया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि बढ़ती आयु में मानसिक संतुलन, ऊर्जा एवं जीवन की गुणवत्ता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय की प्राचार्य श्वेता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक अभ्यास किया। योग दिवस पर योग क्विज, ड्रॉइंग प्रतियोगिता, योग रील निर्माण, योग ई-पोस्टर निर्माण तथा अन्य जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता एवं योग के प्रति जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

नया तालाब में श्रमिकों के साथ योग

मस्तूरी। ग्राम पंचायत भरारी के नया तालाब में श्रमिकों के साथ योग दिवस मनाया गया। यहां निरंतर योग करने से शरीर को होने वाले स्वास्थ्य लाभ, निरोग रहने, मानसिक रूप से सशक्त रहने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षक जितेन्द्र नायक के नेतृत्व में योग का कार्यक्रम सुबह 7 बजे शुभारंभ किया गया। उपस्थित जनों को ध्यानासन, सूक्ष्मासान, कपालभाति, अनुलोम विलोम, मंडूकासन, वज्रासन तथा अलग-अलग प्रकार के योग से सभी को योग प्रशिक्षण से प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान लोगों को योग से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। इस अवसर पर रेखा टंडन सरपंच ग्राम पंचायत भरारी, द्वारिका टंडन पूर्व सरपंच, उमाशंकर पटेल उपसरपंच, मोहित बर्मन सचिव, चंद्रकला कैवर्त रोजगार सहायक, टेकराम कुरासी, अनिल बंजारे शिक्षक, अमृता जांगड़े सक्रिय महिला, रामसागर कैवर्त, दयाराम, रवि पटेल, गुहाराम, रघुनाथ वैष्णव, बना बाई, मोहन पैकरा, सरोज पैकरा, प्रकाश, लखेश्वर कैवर्त, डॉक्टर पैकरा, चिरंजीव पैकरा, अश्वनी टंडन, गौतरहीन पैकरा, जनक पैकरा, सहित ग्रामवासी ने हिस्सा लिया।

योग से सामाजिक जागरण का मंत्र लेकर सभी कार्य करें: नामदेव

पथरिया। मदकूद्वीप में ग्रामीण जन तथा विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के लोगों ने योगाभ्यास किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव व मदकूद्वीप रामाश्रय के संत रामरूपदास महात्यागी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर नारायण नामदेव ने कहा कि 12 वर्ष पहले जब पहले योग दिवस हुआ था। उसी समय मदकूद्वीप को सांस्कृतिक पहचान दिलाने में महती भूमिका निभाने वाले शांताराम ने सभी को प्रेरणा दी थी कि यह ऋषि की तपोभूमि है इसलिए यहां प्रत्येक वर्ष योग दिवस का आयोजन होना चाहिए। उन्हीं को स्मरण करते हुए सभी साधकों ने योगासन, प्राणायाम,संधि योग तथा अनेक सूक्ष्मतम यौगिक क्रियाओं का व्यवस्थित अभ्यास किया। मुख्य संत रामरूपदास महात्यागी ने आशीर्वचन में मदकूद्वीप के विषय जानकारी साझा की। इस अवसर पर आरएसएस बिलासपुर के सह विभाग कार्यवाह राजकुमार कश्यप, विद्याभारती के प्रांत अध्यक्ष राम भरोसा सोनी सहित मंदिर से जुड़े लोग, ताम्रध्वज कश्यप, जोता से हरिशंकर राजपूत, खपरी से अभिलाष त्रिवेदी, बावली से चंद्रशेखर कौशिक, बासीन से प्रमोद दुबे, परस साहू, कलेश्वर कश्यप ,अभय, पथरिया से योगानंद साहू, प्रवीन वर्मा, नितेश साहू, रवि सोनी, रविन्द्र बघेल, गंगद्वारी से पीयूष साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

विधायक, कलेक्टर सहित सभी वर्गों के लोगों ने किया योगाभ्यास

पेंड्रा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा केअसेंबली हॉल में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, युवाओं तथा विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मरवाही प्रणव कुमार मरपची थे। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री समीरा पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष श्री मुकेश दुबे, नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।विधायक श्री मरपची ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण के उद्देश्य से नशामुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया।

स्वस्थ, सुरक्षित जीवन जीने के लिए योगाभ्यास जरुरी

सरगांव। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत सरगांव के अध्यक्ष परमानंद साहू शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साहू ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं सुखी जीवन जीने की संपूर्ण जीवन पद्धति है। योग शरीर, मन और आत्मा के मध्य सामंजस्य स्थापित कर जीवन में सकारात्मकता, अनुशासन तथा नई ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। मन व चित्त शांत रहता है तो दिन के कार्य आसानी से पूरे हो जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी घनश्याम शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मंडलोई, रवि राठौर, नायब तहसीलदार लीलाधर क्षत्रिय, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, रामकुमार कौशिक, रणजीत सिंह हुरा, प्राचार्य राजकुमार तिवारी, एलके मरावी, नाथूराम ध्रुव, उदित साहू, दुर्गेश वर्मा, पंकज वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी विकास ठाकुर, प्रशिक्षक गेन्दलाल पात्रे, कृष्ण कुमार राजपूत सहित शिक्षक, नगर पंचायत के कर्मचारी एवं विद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक योगाभ्यास कर नियमित योग करने का संकल्प लिया।

योग से स्वस्थ तन, शांत मन और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव

सीपत। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय में शनिवार को योग दिवस मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर नियमित योग अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य सरिता यादव एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण सिंह का विशेष मार्गदर्शन एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा। योग प्रशिक्षिका रोमा शर्मा के निर्देशन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। वरिष्ठ व्याख्याता संतोष सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर और संतुलित जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति है। योग से स्वस्थ तन, शांत मन और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकाले, तो अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। इस अवसर पर केपी कश्यप, लोभेराम साहू, रेशमलाल दीवाकर, रेखा कौशिक, संध्या यादव, शारदा यादव, ऋचा तिवारी, अनिता शुक्ला, देवेंद्र पात्रे, सौरभ जायसवाल सहित अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय परिवार का आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

खबर संक्षेप

दांत से काटकर कान अलग करने वाला गिरफ्तार

बिलासपुर। शराब के लिए पैसा नहीं देने पर दांत से काटकर कान अलग करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मल्हार चौकी प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि 20 जून को धनगवां निवासी मनिकेश पाटले पिता अश्वनी पाटले 26 साल भारत पाटले के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए था। मोहित कुर्रे उनसे शराब पीने के लिए पैसा मांगा। पैसा देने से मना करने पर मोहित ने उसके साथ मारपीट कर दांत से काटकर उसका कान अलग कर दिया। पुलिस ने मनिकेश पाटले की रिपोर्ट पर हमलावर मोहित कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया है।

किन्नरों में जमकर मारपीट, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। ग्रुप में शामिल नहीं होने पर किन्नर टोली ने दूसरी टोली के किन्नरों के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर किन्नरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, लाडो किन्नर ने रिपोर्ट लिखाई वह ट्रेन में भिक्षावृति मांगकर जीवन यापन करती है। 16 जून को वह राजा किन्नर, मन्नत किन्नर, पूजा किन्नर व अन्य साथियों के साथ ट्रेन में जाने के लिए सुबह 9.30 बजे रेलवे स्टेशन जा रही थी। मुल्कराज होटल के पास पहले से खड़े निशा किन्नर, सकिला किन्नर, रजिया किन्नर अपने अन्य साथियों के साथ खड़े थे। उनके टोली को रोककर अपने गिरोह में शामिल होने को कहा गया। उनके द्वारा शामिल होने से मना करने पर उनके गिरोह के सदस्यों ने उनके टोली के किन्नरों के साथ जमकर मारपीट की है। पुलिस ने हमलावर निशा, सकिला, लव, रजिया किन्नर व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

फर्जी इंस्टाग्राम आईडी युवती गिरफ्तार

बिलासपुर। स्वयं अपने एक परिचित के नाम पर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर बदनाम करने की रिपोर्ट लिखाने वाली युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, 1 जनवरी 2026 को तोरवा शिव मंदिर निवासी प्रीति सूर्यवंशी पिता संतोष सूर्यवंशी 26 साल ने थाने में रिपोर्ट लिखाई तिफरा संजय रात्रे नामक व्यक्ति इंस्टाग्राम से उन्हें ब्लैकमेल कर रहा है और दोनों की अश्लील फोटो भेजी जा रही है। पुलिस अपराध कायम कर तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से जांच में जुट गई। जांच में खुलासा हुआ युवती व संजय रात्रे परिचित थे। दोनों में अनबन होने पर पर युवती स्वयं युवक के नाम का फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर पोस्ट कर रही थी। पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर लिया है।

स्टंट करने वाला युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। युवती को सनरूफ परर खड़े कर स्टंट करने वाले

युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार जब्त कर लिया है। 21 जून को सोशल मीडिया में रायपुर रोड पर कार क्रमांक सीजी 10 बीई, 4400 में एक युवती सनरूफ परर खड़े होकर खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाकर स्टंट कर रहे थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। इस मामले में चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे ने गाड़ी नम्बर के आधार पर पुराना बस स्टैण्ड निवासी प्रशांत जायसवाल को गिरफ्तार कर कार जब्त कर लिया है।

उपभोक्ता परेशान सोशल मीडिया में अपने अकाउंट बंद होने के बारे में पोस्ट भी डाली, जमा करने होंगे दस्तावेज

17 बैंकों ने फ्रीज किए बिना केवाईसी वाले 27 हजार एकाउंट, नहीं हो सकेगा लेनदेन

बिलासपुर। एसबीआई सहित 17 बैंकों ने बिना केवाईसी वाले 27 हजार एकाउंट को फ्रीज कर दिया है। बैंक ने उन अकाउंट को फ्रीज किया है, जिनकी केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई थी। अब जिनके खाते बंद हो गए हैं, फिलहाल वो किसी प्रकार का लेन-देन नहीं कर पाएंगे।

कई सारे लोगों ने सोशल मीडिया में अपने अकाउंट बंद होने के बारे में पोस्ट डाली है। कई ग्राहक बैंक द्वारा पहले जानकारी नहीं दिए जाने की शिकायत कर रहे हैं। इसके साथ ही कुछ लोगों का कहना है कि इस नियम को लागू करने के लिए चुना गया समय ग्राहकों के लिए ठीक नहीं है। लोग अपना पैसा नहीं निकाल पा रहे हैं। अधिकतर ग्राहक पहले से सूचित न किए जाने के कारण ही इसी तरह की समस्या का सामना करना कर रहे हैं। दूसरी ओर बैंक अधिकारियों का कहना है कि ग्राहकों को केवाईसी अपडेट के लिए आनलाइन और ऑफलाइन दोनों सुविधा दी जा रही है। इसके लिए कई बार समय दिया गया लेकिन लोग जागरूक ही नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक आफलाइन अपडेट के लिए ग्राहक को ब्रांच में जाकर जरूरी दस्तावेज जमा करने होते हैं फिर केवाईसी अपडेट कर दिया जाता है। आनलाइन अपडेट के तहत ग्राहक को अपने रजिस्टर्ड ईमेल आईडी से बैंक ब्रांच की रजिस्टर्ड मेल आईडी पर दस्तावेजों की कॉपी भेजनी होती है। बैंक कागजातों की जांच के बाद केवाईसी अपडेट कर देता है। ऑनलाइन अपडेट के लिए वही कागज भेजने होते हैं जो बैंक में पहले से जमा हों। अगर कागजात में कोई बदलाव हो तो बैंक ब्रांच में जाकर ही केवाईसी अपडेट करना होता है।

कोई सामान्य सूचना नहीं किया

दरअसल, खाता बंद होने का अर्थ फ्रीज होने से होता है। इसमें केवाईसी के नियमों का पालन नहीं करने पर तब तक खाते से लेनदेन नहीं होता जबतक उसका अपडेट नहीं कर दिया जाता। अपडेट के साथ ही खाते का संचालन पहले की तरह शुरू हो जाता है। हालिया स्थिति कुछ ऐसी ही है। ट्विटर पर एक ग्राहक ने लिखा है, मेरे मनी ट्रांसफर पर बैन लग गया है और इसमें मैसेज लिख कर आता है- केवाईसी नॉन कम्पलायंस। केवाईसी अपडेट के लिए कम से कम फोन किया जाना चाहिए या मेल करना चाहिए। लेकिन यहां तो एसबीआई ने सीधे खाता ही बंद कर दिया। सरकंडा एसबीआई ब्रांच में पहुंचकर एक और ग्राहक ने शिकायत की है। ग्राहक का कहना है कि खाते को बंद किया गया है क्योंकि केवाईसी ओवरड्यू है। किसी ने केवाईसी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और खाते को बंद कर दिया। अधिकारियों ने समझाइश देकर आधार और पैन कार्ड जमा कराया और केवाईसी की प्रक्रिया शुरू की।

आनलाइन ट्रांजेक्शन भी नहीं हो रहा

एसबीआई के अधिकारियों के मुताबिक इस बारे में ग्राहकों को सूचित गया था। ग्राहकों को मैसेज और ई मेल भी किया गया था। इसमें उन्हें अपने केवाईसी मानदंडों को अपडेट करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि इसमें अधिकांश ग्राहकों का कहना है कि एसबीआई के लॉगिन पोर्टल पर केवाईसी अपडेट पर ग्राहकों को कोई सामान्य सूचना या अलर्ट नहीं शो कर रहा है। इसकी जानकारी ग्राहक को तभी होती है, जब वह किसी एटीएम या ऑनलाइन लेन-देन का प्रयास करते हैं। रिटायर एसईसीएल कर्मचारी शंभू दयाल विमल के मुताबिक एटीएम से पैसे निकालने पहुंचे तो एकाउंट नाट वैलिड शो होने लगा। अब केवाईसी कराने कहा जा रहा है। इस कारण यूपीआई ओर दूसरे माध्यमों से आनलाइन ट्रांजेक्शन भी नहीं हो पा रहा था।

समय-समय पर करानी होती है केवाईसी

रिजर्व बैंक की गाइडलाइन के अनुसार ग्राहकों को समय-समय पर केवाईसी करानी होती है, जिनका केवाईसी बाकी है, उन्हें कई माध्यमों से जानकारी दी जाती है। इसमें एक माध्यम एसएमएस भी है जो रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजा जाता है। इस नोटिफिकेशन के आधार पर ग्राहक को बैंक की शाखा में जाकर केवाईसी के कागजात जमा कराने होते हैं, फिर केवाईसी अपडेट का काम पूरा कर दिया जाता है।

- ललित अग्रवाल
वरीष्ठ बैंक प्रबंधक

ओडिशा से आकर करते थे चेन स्नेचिंग, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में तीन महिलाओं को शिकार बनाकर चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले ओडिशा के अंतरराज्यीय गिरोह के 6 सदस्यों को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

■ आरोपियों से जेवर व वारदात में प्रयुक्त वाहन जब्त

आरोपियों के पास से जेवर व वारदात में प्रयुक्त वाहन जब्त किया गया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि तोरवा शिवधाम विहार निवासी लोको पायलेट भानू प्रकाश पिता जेपी प्रकाश की पत्नी संजू कुमारी 15 जून की सुबह 6 बजे घर के सामने सड़क पर झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान स्कूटी में तीन लोग आए और उनके गले में झपट्टा मारकर सोने की चेन लूटकर मेन रोड की ओर भाग गए। उसके बाद 19 जून को सिरगिट्टी क्षेत्र में दो महिलाओं को शिकार बनाकर झपट्टा मारते हुए सोने के जेवर लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने दोनों जगहों के फुटेज का मिलान किया तो लूटपाट करने वाले एक सामान दिखाई दे रहे थे। पुलिस फुटेज व टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर चेन स्नेचिंग करने वालों के पतासाजी में लग गई। सूचना के आधार पर पुलिस ने गणेशनगर निवासी नवीन साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

अपने ओडिशा के साथियों के साथ मिलकर महिला से चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने ओडिशा में दबिश देकर उसके पांच साथियों को पकड़ा गया। गिरोह के तीन अन्य सदस्य पुलिस पकड़ से बाहर हैं। उनकी पतासाजी की जा रही है। पुलिस आरोपियों से मात्र वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बस बरामद कर पाई है। लूटे गए जेवर बरामद नहीं कर पाई है।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

मामले की जानकारी देते एसएसपी रजनेश सिंह।

ओडिशा से आरोपियों को बुलाकर घर में ठहराया

आरोपी नवीन साहू की मोहल्ले में किराए के मकान में रहने वाले ओडिशा निवासी बसंता खड़िया से जान पहचान थी। उसके माध्यम से नवीन ने ओडिशा से अन्य चार युवकों को शहर बुलाकर अपने घर में रूकवाया था। उसके तड़के वह शहर के आउटर कालोनियों में घूम कर महिलाओं को निशाना बनाकर चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देते थे।

पकड़े गए आरोपी

- शिव सिंह 28 साल बसंती कालोनी उदितनगर राउरकेला सुंदरगढ़ ओडिशा
- शक्ति प्रसाद 20 साल एसटीआई चौक गंगाधरनगर रघुनाथपाली सुंदरगढ़ ओडिशा
- नवीन साहू 32 साल गणेशनगर चुचुहियापारा
- प्रमोद सिंह 30 साल रायभोगा सुंदरगढ़ ओडिशा
- बसंता खड़िया 20 साल बोड़पोहा संबलपुर हालमुकान गणेशनगर सिरगिट्टी

नौकरी लगाने का झांसा देकर 2 लाख की ठगी

बिलासपुर। संविदा शिक्षिका से रेलवे में प्यून की नौकरी लगाने का झांसा देकर 2 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

तोरवा पुलिस के अनुसार क्षेत्र की रहने वाली इशिता बासु पति प्रशांत बासु स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल लालपुर मुंगेली में संविदा शिक्षिका के रूप में कार्यरत है। उनकी जान पहचान रेलवे में सहायक ग्रेड 3 के पर कार्यरत गजाधर सिंह से थी। गजाधर सिंह ने उन्हें रेलवे बंगला में प्यून के पद पर नौकरी लगाने का आश्वासन दिया, जिससे 21 से 24 सितंबर 2024 तक आनलाइन फोन पे से 2 लाख रुपए दी थी, किन्तु आज तक उनकी नौकरी नहीं लगी। पैसा वापस मांगने पर आज कल कहकर घुमा रहा है। शिक्षिका को जानकारी हुई कि उक्त पद के लिए रेलवे में कोई वेकेंसी नहीं निकली है। उन्होंने नौकरी के लिए ऑनलाइन एसएमएफजी के माध्यम से पर्सनल 2 लाख 25 हजार रुपए लोन लेकर गजाधर सिंह को पैसा दी थी। पुलिस ने गजाधर सिंह के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

12 टन कोयला की हेराफेरी, ट्रक मालिक हिरासत में

बिलासपुर। 12 टन कोयले की हेराफेरी करने के मामले में पुलिस ट्रक मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी हुई है। इससे खुलासा होगा कि उच्च क्वालिटी के कोयला का कौन से कोलडिपो में बेचकर मिनावटी कोयला मिलाया गया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार 20 जून को थाने में रिपोर्ट लिखाई गई। मस्तूरी स्थित राशि पावर प्लांट में दीपिका से कोयला मंगाया गया था। ट्रक में कोयला आने पर उसकी जांच कराई गई। जिससे मिलावटी कोयला पाया गया। ट्रक में करीब 12 टन उच्च क्वालिटी के कोयला गायब मिला था। खदान से प्लांट लाते समय रास्ते में उच्च क्वालिटी के कोयले का बेचकर मिलावटी कोयला भर दिया गया था। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई थी। पुलिस ने ट्रक मालिक सरकण्डा चिंगराजपारा निवसी सुमित यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुट गई है। इससे खुलासा होगा कि चोरी गई कोयला कौन से कोलडिपो में बेचकर मिलावटी कोयला मिलाया गया था।

बीकानेर के एसी कोच में भरा पानी शिकायत के बाद जांच का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीकानेर एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी में पानी टपकने के कारण परेशान यात्रियों के रेल मंत्रालय को ट्वीटर में शिकायत के बाद प्रारंभिक जांच और पूछताछ की गई, जिसमें जानकारी मिली कि कोच में लिकेज और बॉडी के बीच उचित सीलिंग नहीं होने के कारण पानी गिरने लगा। इसकी प्रारंभिक जांच के बाद कोचिंग डिपो में कोच आने के बाद दोबारा जांच करने का आदेश दिया गया है।

18 जून की शाम 6 बजे बिलासपुर से बीकानेर जाने वाली एक्सप्रेस के एसी फर्स्ट कोच में सफर करने वाले यात्रियों को दुर्ग के बाद उस समय परेशान होना पड़ा, जब कोच के ऊपर से पानी नीचे गिरने लगा। पानी गिरने की वजह से पूरे कोच में सरोवर की तरह स्थिति निर्मित हो गई। यात्रियों ने इसकी शिकायत कोच अटेंडर के साथ ड्यूटी करने वाले टीटीई को भी दी, लेकिन उनकी समस्या का कोई हल नहीं निकल सका। इसके बाद यात्रियों ने ट्वीटर पर रेल मंत्रालय को शिकायत कर अपनी राशि वापस करने की मांग कर डाली। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों को प्रारंभिक जांच करने का आदेश दिया गया। प्रारंभिक जांच में जानकारी मिली कि रात 20.15 बजे ट्रेन के रायपुर स्टेशन से रवाना होने के बाद तेज हवा और तूफान के साथ बारिश भी शुरु हो गई थी। 20.30 बजे एस फर्स्ट के अंदर पानी का रिसाव शुरु हो गया। रात 21.19 बजे दुर्ग स्टेशन पर सूचना मिलने के बाद कोच की छत से अतिरिक्त ड्रेनेज पाइप हटा दी गई, जिसके हटने के बाद छत से पानी आसानी से निकल गया। वहीं कोच के अंदर पानी लीक होने के संभावित कारण में पता चला कि आरएमपीयू के नीचे एफआरपी ट्रेन व कोच बॉडी के बीच ठीक से सीलिंग नहीं होने व छत के जोड़ों पर बाल जैसी दरार की कमियों से भारी बारिश के दौरान पानी अंदर आ गया। बारिश का पानी कोच की छत पर जमा हो गया और छोटी मोटी दरारों और खराब सीलिंग पाइंट से कोच में रिसने लगा, जिससे पानी अंदर लीक होने लगा।

ट्रेन के एसी कोच में भरा पानी
रेल मंत्रालय तक पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन के एसी कोच में भी यात्रियों का सफर सुरक्षित नहीं रह गया है। हजारों रुपए अतिरिक्त देने के बाद यात्री आरामदायक और सुरक्षित सफर करना चाहते हैं, लेकिन फर्स्ट एसी की हालत ऐसी है कि उसमें से भी पानी नीचे टपकता है। इसके कारण पूरे कोच का हाल सरोवर की तरह हो जाता है। इसी तरह की शिकायत ट्वीटर के जरिए रेल मंत्रालय स्तर पर की गई है।

■ यात्री होते रहे परेशान

गर्मी के मौसम में जनरल के साथ स्लीपर कोच में सफर करने वाले यात्रियों का दोपहर में काफी बुरा हाल हो रहा है। गर्मी और कोच दोनों ओर लगी खिड़कियों से

का भी है। गुरुवार की बिलासपुर से बीकानेर रवाना की गई। इस

20 जून को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

दोबारा जांच कोचिंग डिपो में

बीकानेर एक्सप्रेस का मेंटनेंस बिलासपुर के कोचिंग डिपो में किया जाता है। पानी रिसाव की घटना के बाद निर्देश दिया गया है कि छत से पानी लीक होने की समस्या मैकेनिकल विभाग से जुड़ी है। बिलासपुर में एक्सप्रेस के रेक आने के बाद सीलेंट डैमेज और हेयरलाइन क्रैक का पता लगाने के लिए छत के सभी जाइंट्स की डिटेल्स जांच की जाए, ताकि इस तरह की समस्या दोबारा न हो सके।

पत्नी पर चाकू से हमला कर आटो में तोड़फोड़: जुर्म दर्ज

बिलासपुर। आपसी विवाद में पत्नी से मारपीट कर चाकू से हमला कर आटो में तोड़फोड़ करने वाले पति व उसके दोस्त के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार अशोकनगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पीछे रहने वाली दिप्ती पति प्रेम दीपक साहू 19 जून को रात 9.30 बजे घर के बाहर अपने मामा के आटो में बैठकर मोबाइल चला रही थी। इसी दौरान उसका पति प्रेम दीपक साहू अपने दोस्त सोनू साहू के साथ आया और अपनी पत्नी को साथ में नहीं रखूंगा कहकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर प्रेम दीपक साहू ने अपने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके हाथ के कलाई में चोट आई है। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके मामा अंकित बीच बचाव करने आया तो सोनू साहू ने उनके साथ मारपीट कर पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया। उसके बाद दोनों ने उनके आटो में जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने दिप्ती की रिपोर्ट पर दोनों हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 4, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।